26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार , 16 मई , 2026

अंक- 201 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8

www.dainikchingari.com

# योगी कैबिनेट विस्तार के बाद विभाग बंटवारे में चल रहा 'खेला'?

–देवराज सिंह



**लखनऊ ( चिंगारी )।** मंत्रिमंडल विस्तार को लगभग एक सप्ताह होने जा रहा है, लेकिन अभी तक विभाग नहीं मिलने से यूपी की राजनीति में फिर केन्द्र और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 के मंत्रिमंडल विस्तार को लगभग एक सप्ताह का समय होने वाला है, लेकिन शपथ लेने वाले छह नये मंत्रियों और राज्यमंत्री से स्वतंत्र प्रभार मंत्री के पद पर प्रोन्नत हुए दो मंत्रियों को अभी तक विभाग नहीं मिल पाया है। शपथ लेने वाले मंत्री फिलहाल सिर्फ सरकारी बंगले, खाली दफ्तर और नई सरकारी गाड़ियों तक सीमित नजर आ रहे हैं। विभाग आवंटन में हो रही इस देरी ने राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी नेतृत्व के साथ हुई बैठकों के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि विभागों का ऐलान जल्द कर दिया जाएगा। हालांकि, अब यह मामला दिल्ली और लखनऊ के बीच खींचतान का रूप लेता दिखाई दे रहा है। माना जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग, नगर विकास, स्वास्थ्य और सूचना जैसे अहम मंत्रालयों को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ महत्वपूर्ण विभागों को लेकर अपनी अलग राय रखते हैं, जबकि बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व भी अपनी प्राथमिकताओं को लेकर सक्रिय है। यही वजह है कि विभागों के बंटवारे का फॉर्मूला अब तक तय नहीं हो पाया है।

मामला केवल नये मंत्रियों तक सीमित नहीं है। ख़बर यह भी है कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के विभागों में बदलाव को लेकर भी चर्चा जारी है। साथ ही बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को भी बड़ा विभाग देने की मांग सामने आ रही है। इन सभी समीकरणों ने विभाग आवंटन को और जटिल बना दिया है। सूत्र बताते हैं कि बीजेपी नेतृत्व अपनी राय मुख्यमंत्री तक पहुंचा चुका है और अब अंतिम फैसला योगी आदित्यनाथ को लेना है। मुख्यमंत्री फिलहाल गोरखपुर में मौजूद हैं और माना जा रहा है कि जल्द ही इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

उधर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार इस देरी को लेकर सरकार पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के डिब्बे आपस में टकरा रहे हैं और दिल्ली से पर्ची आने का इंतजार किया जा रहा है। मंत्रिमंडल विस्तार में पहले हुई देरी और अब विभागों के बंटवारे में जारी गतिरोध ने एक बार फिर दिल्ली और लखनऊ के बीच राजनीतिक तालमेल को लेकर सवाल खड़े कर दिये हैं। अब सभी की नज़र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अगले फैसले पर टिकी हुई है।

## रॉबर्ट वाड्रा राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश

### शिकोहपुर लैंड डील केस में मिली जमानत



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। गुरुग्राम स्थित शिकोहपुर लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आरोपी रॉबर्ट वाड्रा को राऊज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिली। वाड्रा की कोर्ट ने 50 हजार रुपए के निजी मुचलके यानी बेल बॉन्ड और इतनी ही रकम का एक जमानतदार यानी श्योरिटी पेश करने पर जमानत मंजूर की। इसके लिए वाड्रा आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वाड्रा के खिलाफ दाखिल ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेकर वाड्रा को समन किया था। सुनवाई के दौरान वाड्रा के वकील ने कहा कि जमानत पर कोई सवाल नहीं बनता, क्योंकि हम कभी गिरफ्तार नहीं हुए थे कि हमें रिलीज यानी रिहा कर दिया जाए।

**मकान किराये हेतु**

बिजनौर में शक्ति चौक निकट मंगला ट्रेडर्स, नई बस्ती स्थित एक मकान जिसमें 2 रूम बड़े, एक रूम अटैच बाथरूम, एक किचन, एक एकस्ट्रा टॉयलेट, एक बड़ी लॉबी व एक हॉल, दो साइड रोड कॉमर्शियल/आवास हेतु किराये पर उपलब्ध है।

सम्पर्क करें- मो. 8273153266

**तुरंत आवश्यकता**

3 स्टोर स्टाफ की

मेल/फीमेल (उम्र 20-35 वर्ष)

आकर्षक वेतन योग्यतानुसार

सम्पर्क करें।

Singh Enterprises

सिविल लाइंस, बिजनौर

मो. 8218014102

## गिफ्ट, बैज और फोन तक डस्टबिन में फेंका

### ट्रंप के विमान में चीनी सामान लाने की नहीं थी इजाजत




**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया चीन दौरे के बाद एक चौकाने वाला दावा सामने आया है। सोशल मीडिया और कई रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने चीन से मिले सभी गिफ्ट, बैज, फोन और दूसरे सामान ट्रंप के विमान एयर फोर्स वन में चढ़ने से पहले डस्टबिन में फेंक दिये। बताया जा रहा है कि यह कदम साइबर जासूसी और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के डर की वजह से उठाया गया। दावा है कि अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों ने साफ निर्देश दिया था कि चीन की तरफ से मिला कोई भी सामान राष्ट्रपति के विमान में नहीं ले जाया जाएगा। यह मामला तब और चर्चा में आया, जब पत्रकार एमिली गुडिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि अमेरिकी स्टाफ ने चीनी अधिकारियों की तरफ से दिए गए सभी सामान, जैसे क्रेडेंशियल्स, डेलिगेशन पिन, अस्थायी फोन और दूसरे आइटम इकट्ठा किए और एयर फोर्स वन में चढ़ने से पहले सीढ़ियों के नीचे रखे डस्टबिन में फेंक दिये। पोस्ट के मुताबिक, चीन से मिला कोई भी सामान विमान में लाने की अनुमति नहीं थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो और तस्वीरें भी वायरल होने लगीं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को चीन यात्रा के दौरान अपने निजी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस इस्तेमाल करने से भी बचने को कहा गया था। इसके बजाय डेलिगेशन के सदस्यों को अस्थायी बर्नर फोन दिए गए थे, ताकि किसी भी संभावित साइबर निगरानी से बचा जा सके। इतना ही नहीं, प्रतिनिधियों के निजी फोन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को एयर फोर्स वन में खास फैराडे बैग में रखा गया था। ये ऐसे बैग होते हैं जो इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नल को ब्लॉक करते हैं और किसी भी तरह की ट्रैकिंग या डेटा इंटरसेप्शन को रोकने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। हालांकि अमेरिकी प्रशासन की तरफ से इस पूरे मामले पर आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन इस घटना ने अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते अविश्वास और टेक्नोलॉजी वॉर को फिर सुर्खियों में ला दिया है।

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में वॉशिंगटन और बीजिंग के बीच साइबर सुरक्षा, जासूसी, चिप टेक्नोलॉजी और डेटा सुरक्षा को लेकर तनाव लगातार बढ़ा है। अमेरिका पहले भी कई बार चीन पर साइबर जासूसी के आरोप लगाता रहा है, जबकि चीन इन आरोपों से इनकार करता आया है।

खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,

Havells Fans

Orient Fans

**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476

**तुरन्त आवश्यकता**

( कैंटीन सुपरवाइजर व सहायक की )

बिजनौर में कैंटीन के लिये एक अनुभवी सुपरवाइजर एवं एक कैंटीन सम्बंधी चाय, कॉफी, मैगी, वैज सेंडविच, आमलेट आदि कार्य करने हेतु एक युवक की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें- 9319935942, 9267451171

Kajaria

TRANSFORM YOUR WORLD

**Kajaria Exculsive Showroom**

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

8445517265

8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

URGENTLY REQUIRED

PGT (ALL SUBJECTS)

TGT (ALL SUBJECTS)

PRT (ALL SUBJECTS)

P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)

LIBRARIAN

KINDERGARTEN

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Transport Facilities available for Bijnor Staff

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

Gents Specialist

Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat

**CLASSIC TAILORS**

9927060150

CLASSIC SHOES

**CLASSIC Shoes**

M: 9897041426

NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor

**RVIT**

leading RVITians...

17 YEARS OF QUALITY EDUCATION

ADMISSIONS OPEN 2026

ENGINEERING • PHARMACY MANAGEMENT

2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS

990+ WORKSHOP TOURS

85% PLACEMENTS IN 2025-26

MILESTONES Excellence Awards Year After Year.

B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE

POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE

D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY

B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY

BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION

BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS

ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE

9756 201 670

9756 201 671

www.rvit.ac.in

info@rvit.ac.in

R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY

R V INSTITUTE OF PHARMACY

Bijnor Moradabad Road, Bijnor.

**बिजनौर में खुल गया है**

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# महंगाई करती जा रही हदें पार, गरीब को दो वक्त की रोटी मिलना दुश्वार

## आसमान छूते जा रहे तेल, रिफाइंड, चावल, आटा, सब्जी व दूध के दाम




कैप्शन–बाजार में सब्जी बेचता एक दुकानदार, ग्राहक न होने से खाली बैठा किराना व्यापारी।

नौशाद मुल्तानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। पश्चिमी एशिया संकट के चलते पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की कीमतों में भारी उछाल के कारण अप्रैल में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर साढ़े तीन साल के उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई है। अक्टूबर 2022 (8.39 प्रतिशत) के बाद पहली बार थोक महंगाई आठ फीसदी के पार दर्ज की गई है। लगातार आम उपभोग की वस्तुएं तेल, रिफाइंड, चावल, आटा, सब्जी व दूध की कीमतें बढ़ने से आम आदमी का जीना अब पूरी तरह से दुश्वार होता जा रहा है।

वर्तमान में जहां आम आदमी बेरोजगारी से परेशान है। वहीं बढ़ती महंगाई से आम आदमी का जीना पूरी तरह से दुश्वार होता जा रहा है। एक गरीब आदमी जहां मजदूरी कर पांच सौ रूपए रोज भी नहीं कमा पा रहा है, ऐसे में रोजमर्रा की इस्तेमाल होने वाली चीज़े तेल, रिफाइंड, आटा, चावल, सब्जी व दूध के दाम आसमान छूते जा रहे हैं, जिससे गरीब के सामने अब रोजी के साथ रोटी का भी संकट पैदा होता जा रहा है। बेरोजगार आम आदमी के साथ बाजारों में काम न होने की वजह से आज एक छोटे दुकानदार का हाल भी काफी खराब है। जिससे वह पूरे महीने में 9, 10 हजार नहीं बल्कि 5,6 हजार रूपए ही कमा पा रहा है। जिसमें उसके घर की रोटी का खर्च भी नहीं चल पा रहा है। ऐसे में लगातार बढ़ती महंगाई के कारण अब उसके परिवार की रोटी चलाना भी काफी मुश्किल काम होता जा रहा है। महंगाई का आलम यह है कि दो–तीन सदस्यों वाले छोटे परिवार को भी पांच सौ रूपए रोज की जरूरत है, अगर किसी का परिवार तीन से अधिक पांच सात सदस्यों का है तो उन्हें महंगाई के इस दौर में कम से कम खाने के लिए ही एक हजार रूपए प्रतिदिन की आवश्यकता है। अमेरिका–इजराइल व ईरान का युद्ध शुरू होने के बाद महंगाई अब हद पार कर रही है। ऐसे में पहले से ही महंगाई व बेरोजगारी की मार झेल रहे आम आदमी पर महंगाई की बढ़ती मार वह झेलने में नाकाम साबित हो रहा है। बढ़ती महंगाई के कारण अब आम आदमी सबसे ज्यादा परेशानी में पड़ गया है, क्योकि इतनी तो उसकी रोज की आमदनी भी नहीं है, जितना पैसा उसे परिवार की रोटी के लिए रोज चाहिए। महंगाई के इस दौर में अधिकांश आम लोग आज जुगाड़ से परिवार को चला रहे है, इसी बीच लगातार महंगाई बढ़ने से अब उसके सामने समस्या खड़ी हो गई है। बढ़ती महंगाई के कारण हर आदमी आज अपने परिवार के खर्च को कैसे चलाएं इसे लेकर काफी परेशान है।

### युद्ध के बाद से रिफाइंड व तेल टीन 700 रूपए महंगा

युद्ध शुरू होने से पहले जो रिफाइंड का टीन 1760 रूपए का था, वह अब 2400 रूपए का है, जो तेल का टीन 1880 का था वह अब 2550 का है। खाना बनाने के लिए सबसे जरूरी तेल व रिफाइंड होता है, इन दोनों चीज़ों के दाम सौ या दो सौ रूपए टीन नहीं बल्कि 700 रूपए टीन बढ़ने से प्रत्येक आदमी के परिवार का खाने का खर्च काफी बढ़ गया है। कुछ ही महीनें पहले 500 रूपए किलो बिकने वाला देशी घी बढ़कर अब 720 रूपए किलो हो गया है।

### काफी परिवारों को एक टाइम खाने से चलाना पड़ रहा काम

काफी परिवार इतने गरीब है तथा उनकी आमदनी भी इतनी कम है कि उन्हें तीन टाइम के बजाए बल्कि एक टाइम के खाने से ही काम चलाना पड़ रहा है। काफी संख्या में गरीब लोग ऐसे है कि वह सुबह को केवल चाय पीकर मजदूरी के लिए अपने घरों से निकल जाते है, महंगाई के कारण शाम को केवल पूरे दिन में एक टाइम का खाना खाकर उन्हें अपना काम चलाना पड़ रहा है।

### माचिस कम्पनी रेट बढ़ा रही, माचिस में तिल्लियां घटा रही

महंगाई का आलम यह है कि आज सामान बनाने वाली अधिकांश कम्पनिया बाजार में अपने माल की ब्रिकी बनाये रखने के लिए माल घटाने के बावजूद उसके रेट भी बढ़ा रही है। जैसे माचिस की थोक पेटी के रेट 300 रूपए से बढ़ाकर अब 460 रूपए कर दिये गये है। इसके बावजूद कम्पनी ने एक रूपए ब्रिक्री की जिस माचिस में पहले कभी 70 तिल्ली आती थी, उसे घटा–घटा कर अब उस माचिस में मात्र 20 तिल्ली कर दी है। दो रूपए ब्रिकी की जिस माचिस में 100 तिल्ली आती थी, उसमें घटा–घटा कर अब 50–60 तिल्ली कर दी हैं।

### किराना के सामान के बढ़े दामों की सूची

| सामान | पहले रेट | अब के रेट |
|---|---|---|
| सर्फ | 60 रूपए किलो | 94 रूपए किलो |
| साबुन सेट | 100 | 120 |
| आटा | 28–30 | 32–34 |
| अच्छा चावल | 90 से | 120 तक |
| नॉर्मल चावल | 65 से | 80 तक |
| नारियल गोला | 220 से | 430 रूपए किलो |
| धनिया | 110 से | 160 रूपए किलो |
| हल्दी | 150 से | 180 रूपए किलो |
| लाल मिर्च | 220 से | 280 रूपए किलो |
| छोटी इलाइची | 1450 से | 2700 रूपए किलो |
| बड़ी इलाइची | 1450 से | 1750 रूपए किलो |
| सोयाबीन | 65 से | 90 रूपए किलो |
| देसी मसूर | 76 से | 120 रूपए किलो |
| राजमा | 98 से | 127 रूपए किलो |

### डेयरी के बढ़े सामान की वर्तमान कीमतें

| सामान | पहले | अब |
|---|---|---|
| दूध | 30–40 वाला | 50–70 तक |
| पनीर | 280 वाला | 360 रूपए |
| मावा | 280 से | 300 रूपए |
| क्रीम | 320 से | 350 रूपए |
| मक्खन | 600 से | 660 रूपए |

### बाजार में बिक रही सब्जी के दामों की लिस्ट

| सब्जी | पहले | अब |
|---|---|---|
| गाजर | 30 | 60 |
| गोबी | 20 | 40 |
| आलू | 10 | 15 |
| प्याज | 20 | 25 |
| टमाटर | 20 | 40 |
| अदरक | 100 से | 200 रूपए किलो |
| लहसुन | 150 से | 200 रूपए किलो |
| मटर | 50 से | 100 रूपए किलो |
| हरी मिर्च | 40 से | 60 रूपए किलो |
| पालक | 20 से | 60 रूपए किलो |
| शलजम | 30 से | 50 रूपए किलो |



## ब्रह्माकुमारी केंद्र पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नजीबाबाद के स्थानीय रमेश नगर सेवा केंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शालू दीदी ने बताया कि आज संसार में तनाव, अशांति व पारिवारिक संबंधो में दूरियां बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य कारण नैतिक व पारिवारिक मूल्यों में कमी का होना है, लेकिन जब हम आध्यात्मिक ज्ञान को अपने जीवन में अपना कर परमात्मा से अपने संबंध को जोड़ते हैं तो जीवन में दिव्य गुणों व शक्तियों की जागृति होती है, जिससे परिवार में सुख, शांति, स्नेह व सहयोग का वातावरण बनता है। ब्रह्माकुमारी राधा बहन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि परिवार हमारे जीवन की पहली पाठशाला होता है। हमें बोलना, चलना, संस्कार सीखना व सही–गलत की पहचान सबसे पहले परिवार से ही मिलती है। एक सुखी परिवार ही एक अच्छे समाज व मजबूत देश की नींव होता है। इस अवसर पर कुमारी भव्या ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। कुमारी प्रेरणा व शमशेर सिंह राठी की परिवार दिवस पर सुंदर कविताओं ने सभी के मन मोह लिया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सेवा केंद्र की संचालिका शालू दीदी ने सभी को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के सभी भाई बहन उपस्थित रहे।

## गौकशी की घटना में दो और अभियुक्त गिरफ्तार

### पैर में लगी गोली



बिजनौर (चिंगारी)। हीमपुर दीपा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौकशी की घटना में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मुखबिर की सूचना पर ग्राम पीपली जट के जंगल में स्याऊ–छाछरी रोड पर चैकिंग के दौरान दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखाई दिये। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस के अनुसार जवाबी कार्रवाई में दोनों अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गये। अभियुक्तों ने अपने नाम शाहिद पुत्र मुस्तफा और फुरकान पुत्र हसन निवासीगण ग्राम राजोपुर बहमद थाना चांदपुर बताये। इनमें शाहिद चांदपुर का हिस्ट्रीशीटर है। दोनों ने ग्राम अकबरपुर तिगरी के जंगल में 7 मई को हुई गौकशी की घटना में अपना हाथ होना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार शाहिद व फुरकान के पास से दो तमंचे, एक खोखा कारतूस, एक मिस कारतूस, मोटरसाइकिल तथा पशु वध के उपकरण बरामद हुये हैं। इस घटना में शामिल 3 अभियुक्तों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जिनमें से एक बाबू कुरैशी मुठभेड़ में पकड़ा गया था, जिसके पैर में गोली लगी थी।

## माई जी के मठ मंदिर पर हुआ भण्डारा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मौ. सोतियान स्थित माई जी के मठ मंदिर के वार्षिकोत्सव पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हवन पूजन भी किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ के मुख्य यजमान विवेक सोती (मां जगदम्बा बेकरी, बिजनौर) रहे। इस अवसर पर आयुष सोती, अर्जुन सोती, ओम शर्मा, रिंकू पाठक, विनायक, शोभित, दक्ष अग्रवाल, लविश, हार्दिक, शुभकम, प्रदीप भटनागर, नितिन, उज्जवल शर्मा आदि का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में मंदिर समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## एचएम पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगीना रोड स्थित एचएम पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई इंटर की परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षाफल देकर एक नई मिसाल कायम की। कालेज में छात्र हर्षव कुमार व प्रांजल बालियान ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निकित मलिक ने 86.8 प्रतिशत व कनिष्का तोमर ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर



क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कृतिका यादव ने 84 व रेनू ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। चेयरमैन अशोक कुमार चौधरी एवं प्रधानाचार्य संजीव सहरावत ने सभी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## जिला कारागार में फिर बुझा एक बंदी की जिंदगी का चिराग

### दीपक की आत्महत्या के सातवें दिन बंदी अरुण की अचानक मौत से जेल प्रशासन में मचा हड़कंप

बिजनौर ( चिंगारी )। जिला कारागार में एक बार फिर मातम पसरा हुआ है। अभी 10 मई को सजायाफ्ता कैदी दीपक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना की गूंज थमी भी नहीं थी कि आज सुबह जेल से एक और दर्दनाक खबर सामने आ गई। मेरठ निवासी बंदी अरुण कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। लगातार हो रही इन घटनाओं ने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार मेरठ के शास्त्री नगर निवासी अरुण कुमार ( 45 वर्ष ) पुत्र बृजकिशोर चोरी के एक मामले में गत 13 अप्रैल से जिला कारागार में बंद था। उसे बिजनौर थाने से जेल भेजा गया था। वह जेल की बैरक नंबर–2 में निरुद्ध था। जेलर रविन्द्र नाथ ने बताया कि आज सुबह रोजाना की तरह अरुण कुमार ने नाश्ता किया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसने अचानक बेचैनी और घबराहट की शिकायत की। साथी बंदियों ने जब उसकी हालत बिगड़ती देखी तो जेल प्रशासन को सूचना दी। आनन–फानन में उसे जेल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालांकि कुछ समय तक चले उपचार के बावजूद उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन जिंदगी की जंग हारते हुए अरुण कुमार ने दम तोड़ दिया। बंदी की मौत की खबर मिलते ही जेल प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस तत्काल अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों ने अस्पताल और जेल प्रशासन से पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। लगातार दूसरी घटना के बाद जिला कारागार का माहौल एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। जेल में बंद कैदियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। लोगों का कहना है कि आखिर दस दिन के भीतर दो–दो घटनाएं होना कहीं न कहीं गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## नेताओं को आपराधिक मामलों की विवेचना और विचारण के दौरान बयान बाजी से बचना चाहिए

–राजेंद्र सिंह एड.
अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन
बिजनौर



भारत के मुख्य न्यायाधीश माननीय सूर्यकांत जी और जस्टिस जाय माल्या वागची की पीठ ने कल दिनांक 15 5.2026 को एक मामले की सुनवाई के दौरान एक पक्ष के वकील को सुनवाई के बीच चेतावनी देते हुए कहा कि न्यायिक मामलों की सुनवाई और निर्णयों के संबंध में नेताओं को अनर्गल बयानबाजी से रोके उनका ऐसा वर्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। वास्तव में चीफ जस्टिस और वागची महोदय की पीठ को नेताओं की बयान–बाजी से जो नाराजगी हुई है न्यायिक व्यवस्थाओं को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए और बाहरी प्रभाव से बचने के लिए हुई है यह नाराजगी सर्वथा उचित व संवैधानिक है क्योंकि मानवीय व्यवहारो का प्रभाव इस तरह की बयान बाजी से निर्णय को प्रभावित कर सकता हैं जिससे विचारण व विवेचना प्रभावित हो जाती है।

देखने में आया है कि दांडिक मामलों में न्यायालयों द्वारा जमानत की अस्वीकृति व आरोप होने के आदेश के बाद जो नेता लोग अपनी शान बढ़ायी के लिए इस अस्वीकृति व चार्ज आरोपित किये जाने पर धर्म की सत्य की और न्याय की विजय बता देते हुए बयान जारी कर यहां तक कह डालते हैं कि मानो उन मामलों का अंतिम निर्णय (जजमेंट) ही स्वयं उन्होंने लिख दिया जबकि ऐसा नहीं है।

हमारी न्यायिक व संवैधानिक व्यवस्थाओं और दंड संहिता व दंड प्रक्रिया संहिता के अनुसार जमानत की स्वीकृति और अस्वीकृति होने से दोष मुक्ति और दोष सिद्धि नहीं होती है जमानत मिलना या न मिलना एक सहज कानूनी प्रक्रिया है इसलिए जमानत आदेश के अंतिम में हर न्यायालय यह निर्देशित करते हैं कि इस आदेश को मामले के गुण दोष से अलग रखा जायेगा। दूसरे अभियुक्तों पर आरोप विचरित होने पर यह नहीं कहा जा सकता है कि वह दोषी घोषित हो गया आरोप लगने के बाद जब तक आरोप सिद्ध नहीं हो जाता किसी को आरोपी या गुनहगार नहीं माना जाता है।



माननीय उच्चतम् न्यायालय के द्वारा नेताओं के ऐसे बयानो पर जो न्यायिक कार्यवाहीयों के बीच दिये जाते है, उन पर नाराजगी बिल्कुल जायज है। इस तरह की बयान बाजी विचारण या विवेचनाओं को प्रभावित करती है।

झूठे बलात्कार, के केस बनवाना बड़ा अधर्म है। देखा जाता है निर्दोष को सत्ता के अहंकार में दूसरों के कंधों पर तलवार रखकर झूठ और सच, विवेचना व विचारण के बाद मामलों में फंसा देना अन्याय है। इसे सत्यमेव जयते नही कहा जा सकता।

# बाइक की टक्कर से एक छात्रा की मौत, दूसरी गम्भीर घायल

## कोचिंग सेंटर से पैदल घर वापस लौट रही थी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कोचिंग सेंटर से पढ़कर पैदल घर वापस लौट रही दो छात्राओं की बाइक से हुई भीषण टक्कर में एक छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी छात्रा गंभीर रूप से घायल है, जिसे हायर सेंटर रैफर किया गया है। ग्राम आलमपुर गांवड़ी निवासी लगभग 20-20 वर्षीय दो छात्राएं लक्ष्मी पुत्री सतीश कुमार व सलोनी पुत्री नरेंद्र कुमार इंटरमीडिएट कक्षा उत्तीर्ण करने उपरांत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने हेतु भूतपुरी तिराहे पर स्थित एक कोचिंग सेंटर में प्रतिदिन पढ़ने जाती थी। रोजमर्रा की तरह शुक्रवार की देर शाम भी दोनों छात्राएं लाइब्रेरी से पढ़कर फोरलेन हाईवे से होते हुए पैदल घर वापस लौट रही थीं कि


लक्ष्मी का फाइल फोटो।

भूतपुरी-आलमपुर गांवड़ी के बीच माननगर के पास सायंकाल लगभग 6:30 बजे एक बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसा होते ही मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पाते ही अफजलगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों को सीएचसी अफजलगढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया, जबकि सलोनी को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गया है। हादसे के बाद दोनों छात्राओं के परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर जरूरी कार्यवाही की जा रही है।

# जैन को रात्रि में भोजन नहीं करना चाहिए- विव्रत सागर

## धर्मसभा में बोले जैन मुनि

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मनुष्य जीवन में छोटे-छोटे त्याग पुण्य प्राप्ति के साथ बड़े त्याग की ओर बढ़ाते हैं। मुनि श्री 108 विवृत सागर महाराज ने त्याग के विषय में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि जिस प्रकार हमें कम समय की छोटी बचत पर कम लाभ तथा लंबी बचत अधिक लाभ मिलता है, इसी प्रकार छोटे त्याग पर छोटा पुण्य उत्तम त्याग पर अधिक पुण्य की प्राप्ति होती है।

मुनि श्री ने रात्रि भोजन त्याग के बारे में बताते हुए कहा कि प्रत्येक जैन को रात्रि में भोजन नहीं करना चाहिए। जैन धर्म के मानने वालों के विषय में कहा जाता है कि जैन लोग रात्रि में भोजन नहीं करते हैं। मुनि श्री ने एक कथानक के द्वारा समझाते हुए कहा कि आप एक समय में घर में रात्रि में भोजन कर ले, लेकिन घर से बाहर किसी शादी-विवाह, होटल आदि में रात्रि में भोजन नहीं करना चाहिए। बाहर भोजन करने से जैन धर्म की प्रतिष्ठा पर दाग लगता है।

चंदोवे के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि चंदोवा सम्मान एवं मुनि श्री की आहार चर्या को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने में सहायक होता है। मंदिर आदि में तीन लोक के नाथ के सम्मान में तथा पूजन



प्रक्षाल आदि को जीव हिंसा से बचाते हुए सभी क्रियाओं को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने में सहायक होता है। पुराने समय में राजाओं के सिर पर सेवक एक छतरी लेकर चलता था, जो छतरी राजा के सम्मान को दर्शाती थी। धर्म सभा में अनिल जैन, सुनील जैन, संजय जैन, अरविंद जैन, निश्चल जैन, यतेंद्र जैन, अंजली जैन, सरिता जैन, सीमा जैन, बबीता जैन, सविता जैन आदि की उपस्थिति रही।

# वीएसडी में तैयार की गई बिना खाद और मिट्टी के माइक्रो ग्रीन्स



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुसार वीएसडी पब्लिक स्कूल में 'कौशल शिक्षा एवं विकास' विषय को एक विशेष पहल के रूप में प्रारम्भ किया गया है। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को यह विषय पढ़ाया जाएगा। इसमें बच्चों को एनसीईआरटी की कौशल बोध पुस्तक के माध्यम से व्यावहारिक एवं जीवनोपयोगी ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

विद्यालय में इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो बच्चों को प्रैक्टिकल गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दे रही है। विद्यार्थियों को बिना मिट्टी और बिना खाद के माइक्रो ग्रीन्स तैयार करना सिखाया जा रहा है। बच्चे विद्यालय में सीखे गये इस कार्य को घर पर अपने माता-पिता के साथ भी कर सकते हैं और अपने भोजन का हिस्सा बना सकते हैं। माइक्रो ग्रीन्स प्रोटीन एवं पोषक तत्वों का अत्यंत समृद्ध स्रोत माने जाते हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय चौधरी ने बताया कि भविष्य में वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने की योजना भी विद्यालय द्वारा संचालित की जाएगी, जिससे बच्चों को जैविक खेती एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी व्यावहारिक रूप से मिल सके। वहीं उपप्रधानाचार्या अंजुम इरफाना ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और बच्चों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देती है।

विद्यालय में कौशल बोध विषय का प्रशिक्षण, अनुभवी एवं विज्ञान के शिक्षकों, मोनिका सिंह, अंकित कुमार शर्मा एवं अरूण कुमार के द्वारा दिया जा रहा है। सीबीएसई द्वारा कौशल बोध शिक्षा को कक्षा 6 से 8 तक अनिवार्य किए जाने के बाद विद्यालय में बच्चों ने स्कूल परिसर में गेहूं, चना, चिया सीड्स आदि को माइक्रो ग्रीन्स के रूप में उगाया है। प्रतिभागी विद्यार्थियों में अंश प्रताप सिंह, अमन वत्स, सदफ अंसारी, आलिया अंसारी, प्रतिभा, आरव कुमार, आरव चहल, अक्षित, कनिका, श्रद्धा, भूपेंद्र और प्रतिज्ञा, अब्दुल रहमान, फैसल शामिल रहे।

# सहसपुर की पहचान बना पिलखन वाला बस स्टैंड

**सकलैन हैदर**

**सहसपुर ( चिंगारी )। आजादी के लगभग 80 साल बाद भी सहसपुर में कोई बस स्टैंड नहीं है। यात्रियों को खुले में ही वाहन का इंतजार करना पड़ता है। लेकिन कुदरत ने प्राकृतिक छांव देकर भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत दे रखी है।**

जी हां, सहसपुर के कथित बस स्टैंड पर पिलखन के पांच विशाल वृक्ष यात्रियों के लिये राहत का सबब बने हुए हैं। ये पेड़ लगभग 50 साल पुराने हैं और इतने घने व विशालकाय हैं कि



सूरज की एक किरण भी इनके नीचे जमीन पर नहीं पड़ती, जिससे भीषण गर्मी में लोग इनके नीचे बहुत राहत महसूस करते हैं। इन्हें प्राकृति एयर कंडीशनर कहा जाता है।

50 हजार की आबादी वाले सहसपुर में रोडवेज बस स्टैंड नहीं है। यात्रियों को सड़क पर खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि अगर पिलखन के पेड़ नहीं होते तो यात्रियों का कड़ी धूप में खड़े होना दूभर हो जाता। पिलखन को ऑक्सीजन का पावर हाउस भी कहा जाता है।

# बच्ची के साथ छेड़छाड़ में 70 साल के बुजुर्ग को पांच साल की सजा

**बिजनौर ( चिंगारी )। विशेष सत्र न्यायाधीश ( पॉक्सो एक्ट ) कल्पना पांडे ने 12 साल की नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में 70 साल के मुसर्रत को दोषसिद्ध पाकर 5 वर्ष कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।**

विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र राठौर के अनुसार बढ़ापुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने बताया कि 29 दिसंबर 2022 को उसकी 12 वर्षीया पुत्री दोपहर को घेर में बंधे पशुओं को पानी पिलाने गई थी। इसी बीच उसकी कटिया छूटकर सामने के खेत में घुस गई। खेत में पहले से ही घात लगाए बैठे मुसर्रत खान ने बच्ची को गलत नीयत से पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने मुसर्रत के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराये, जिसमें उसने आपबीती बताई। पुलिस ने मुसर्रत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में कार्रवाई पूरी होने पर मुसर्रत को दोषी पाते हुए पांच वर्ष कठोर कारावास एवं बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# स्कूल की प्रधानाचार्या व शिक्षिका पर छात्रा को प्रताड़ित करने का आरोप

**नगीना ( चिंगारी )।** एक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या व एक शिक्षिका पर एक छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और अपमानजनक व्यवहार करने का आरोप लगा है। पीड़ित छात्र के पिता ने थाने में प्रार्थना-पत्र देकर विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं एक शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

क्षत्रियनगर निवासी अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा द्वारा थाने में दी गई तहरीर में कहा कि उनके दो बच्चे नगीना कोतवाली मार्ग पर स्थित एक स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। आरोप लगाया गया की दो वर्ष पूर्व उनके द्वारा स्कूल की प्रधानार्चा व शिक्षक के खिलाफ उनके बच्चों के साथ किया जा रहे दुर्व्यवहार की शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी। आरोप लगाया गया कि तभी से प्रधानाचार्या उसके बच्चों के साथ ईर्ष्या रखते हुए एक शिक्षिका के माध्यम से दुर्व्यवहार करा रही है।

कहा गया इसके चलते उनका पुत्र कुंठाग्रस्त हो गया है। 14 मई व 15 मई की घटना का हवाला देते हुए कहा गया कि उसे दोनों दिन अपमानित करते हुए अन्य विद्यार्थियों के सामने सजा के तौर पर खड़ा किया गया। यह भी कहा गया कि इन सब दुर्व्यवहार के चलते उनका पुत्र किसी भी दिन अपने जीवन में कोई बड़ी घटना कर सकता है। तहरीर में प्रधानाचार्या व एक शिक्षिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की गई। उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी का कहना है कि तहरीर के आधार पर प्रकरण की जांच कराई जा रही है। प्रधानाचार्या ने आरोपों को बेबुनियाद करार दिया है।


## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा साढ़ू भूपेन्द्र पाल व मेरी सढियानी पार्वती देवी जो मुझे झूठे मुकदमे में फंसाने व थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देते हैं, इसलिये मैं अपने साढ़ू व अपनी सढियानी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं। इनके द्वारा किसी भी कृत्यों का मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा।

**-अमरीश कुमार पुत्र स्व. धीर सिंह, निवासी ग्राम इस्लामपुर दीपा, रावली रोड, बिजनौर**


# वट की टहनी को क़लम बनाकर रोप दें!

**बिजनौर ( चिंगारी )। अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाजसेवा संस्थान की संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने एक अपील में कहा कि आज वट अमावस्या के अवसर पर जिन सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की टहनी को पूजा के लिये तोड़ा है, वे पूजा के बाद टहनी की कलम बनाकर उसे अपने घर के पास अथवा कहीं पर भी सड़क के किनारे लगा दें, ताकि उससे पौधा बन सके, जो भविष्य में वृक्ष बनकर पर्यावरण को संरक्षित करेगा। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान ने पिछले साल इसी तरह अनेक पौधे रोपे थे। उनमें से कई पौधे चल रहे हैं। टहनियों की कलम बनाकर इंदिरा पार्क में भी रोपा गया था, उनमें से कुछ पौधे ठीक तरह से चल रहे हैं। इस अभियान में शालिनी गुप्ता सहित अनेक महिलाओं ने सहयोग किया था।**

# सक्षम राणा का सोनी टीवी के डांस शो के लिये चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रे फिल्म्स प्रोडक्शन की एक और उपलब्धि सामने आई है। सक्षम राणा को मुंबई के सोनी टीवी पर आयोजित कार्यक्रम में डांस शो इंडिया टैलेंट्स फ़ाइट के लिये चयनित किया गया है। सक्षम राणा माउन्ट जी लिट्रा स्कूल छात्र हैं। रे फिल्म्स के फिल्म निर्माता निर्देशक आलोक गोविल के निर्देशन में सबसे पहले आरजू खान के गीत मान जा वे में डांस किया था, जिसे सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी ने रिलीज किया था। सक्षम राणा के पिता नगर पालिका परिषद बिजनौर के स्ट्रीट लाइट विभाग में कार्यरत विक्की उर्फ हेमेंद्र के पुत्र हैं। सक्षम राणा को नाइन एक्स एम टीवी चैनल पर आने वाले एक शो और सोनी टीवी पर आने वाले डांस शो इंडिया टैलेंट्स फ़ाइट में चयन हुआ है। इस शो की प्रमोटर प्रसिद्ध कोरियोग्राफर गीता है। सक्षम राणा अपनी सफलता का श्रेय निर्देशक आलोक गोविल, डांस कोच आकाश बिजनौरी और माता-पिता को देते हैं।




धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड

सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए

विशेष लोन सुविधा

Salaried Loan अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ और भी आसान

अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


# सराहनीय रहा केडीबीएल का परीक्षा परिणाम

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** केडीबीएल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल अफजलगढ़ का सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट कक्षा का परीक्षा परिणाम देख विद्यार्थी उत्साहित नजर आए। स्कूल के प्रबंधक बृजेश कर्णवाल व प्रधानाचार्य अमित चौहान ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल के होनहार विद्यार्थियों वासु शर्मा ने 80 प्रतिशत, फाल्गुनी अग्रवाल ने 76 प्रतिशत व फिज़ा परवीन ने 75.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने आगे बताया कि अयान हमजा ने 74 प्रतिशत व कनुप्रिया ने 70 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए स्कूल में क्रमशः चौथा व पांचवां स्थान प्राप्त कर कॉलेज एवं घर परिवार का नाम रोशन किया है।


वासु शर्मा फाल्गुनी अग्रवाल फिज़ा परवीन

# एचएम पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगीना रोड स्थित एचएम पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई इंटर की परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षाफल देकर एक नई मिसाल कायम की। कालेज में छात्र हर्षव कुमार व प्रांजल बालियान ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निकित मलिक ने 86.8 प्रतिशत व कनिष्का तोमर ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कृतिका यादव ने 84 व रेनू ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। चेयरमैन अशोक कुमार चौधरी एवं प्रधानाचार्य संजीता सहरावत ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




Hero

हीरो अब शानदार ऑफर के साथ



1 मई से 31 मई तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
| --- | --- | --- |
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है

1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर

कविता मोटर्स

हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर

मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

# इस दिखावे से होगी बचत?

लो जी, नेताओं पर एक और बोझ आ पड़ा है। बेचारों को भीषण गर्मी में कार छोड़कर साइकिल दौड़ानी पड़ रही है। इससे बड़ा त्याग क्या होगा कि फॉरर्च्यूनर, ओडी और मर्सिडीज में चलने वाले बस और ट्रेन के साधारण कोच में चले जा रहे हैं। कोई-कोई तो साइकिल, मोटर साइकिल भी चला रहा है। कितना पसीना बह गया होगा एक-दो किमी. साइकिल चलाने में। बस या ट्रेन में गरीबों के साथ सफर करना कोई मामूली काम है। नाक पर कपड़ा भी नहीं रख सकते, अन्यथा देशभक्ति का सर्टिफिकेट रद्द हो सकता है। इस महान त्याग के लिये इन शूरवीरों का नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। दुनिया याद करेगी, साथ ही आने वाली नस्लें नाज करेंगी कि भारतवर्ष में ऐसे भी महापुरुष हुए जिन्होंने देश पर आये संकट के दौरान अपनी शानदार गाड़ी और गाड़ियों का काफिला छोड़कर खटारा रोडवेज बसों में चलने का जोखिम उठाया था। कुछ ने तो साइकिल भी चलायी थी। बड़े बलिदानी थे हमारे नेता, जिन्हें देश की चिंता खाये जा रही थी, उन्होंने देश की रक्षा के लिये अपनी सुरक्षा को दांव पर लगा दिया था। मगर सवाल यह है कि क्या यह दिखावा व्यवहार में भी बदलेगा? साइकिल, रिक्शा के आगे-आगे साहब/मंत्री जी की गाड़ी से वीडियो/रील बनायी जा रही है। नेताजी बस अड्डे से अपने गांव/शहर के लिये बस से रवाना हुए और पीछे-पीछे उनकी फॉरर्च्यूनर फर्राटा भर रही थी। क्या ऐसे होगी डीजल/पेट्रोल की बचत। ख़बर आई सीएम/डिप्टी सीएम ने अपने काफिले/फ्लीट में कटौती की है। क्या बिना फ्लीट के लिये नहीं चल सकते? किस बात का डर है, और किससे डर है? खुद भी सुरक्षा खतरे में है, तो जनता की सुरक्षा का क्या हाल होगा। अगर वाकई खर्चे कम करने हैं तो सबसे पहले देश से वीआईपी कल्चर खत्म कीजिए। एक-एक मंत्री के साथ सौ-दो सौ सुरक्षाकर्मियों का जत्था, सौ-दो सौ गाड़ियों का काफिला होता है। जिस रोड से माननीयों का काफिला गुजरता है, उसे पूरी तरह सील कर दिया जाता है। सरकारी कर्मचारी 35-40 साल सेवा करता है, उसकी पेंशन बंद, और नेता अगर एक दिन के लिये सांसद या विधायक बन जाये तो उसकी पेंशन जिंदगी भर के लिये चालू। माननीयों ने अपने वेतन, भत्ते कितने बढ़ा लिये। ऐसी कौन-सी देश सेवा कर रहे हैं। ज्यादातर तो भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। विधायक, सांसद और मंत्री बनते ही लाटरी खुल जाती है। खनन से लेकर लोगों के दमन तक में उगाही करते हैं। सत्तापक्ष का नेता भूतपूर्व होने पर भी अभूतपूर्व ढंग से माल कमाता है। नेता ही क्यों, सरकारी कारिंदे भी दीमक की तरह देश को चाट रहे हैं। बिजनौर में ऐसे-ऐसे पटवारी और क्लर्क हैं, जिनके पास सौ-सौ करोड़ की सम्पत्ति है। कहां से आयी इतनी सम्पत्ति? कोई है देखने वाला।

# संवेदनाओं से दूर होते रिश्ते, औपचारिकता में बदलता अपनापन

## किसी के घर शोक हो जाए तो दो शब्दों की संवेदना भी बन जाती है सबसे बड़ा सहारा

आज के आधुनिक दौर में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का दावा जरूर किया है, लेकिन वास्तविकता यह है कि रिश्तों की आत्मीयता धीरे-धीरे औपचारिकता में बदलती जा रही है। लोग दिनभर सैकड़ों संदेश भेजते और प्राप्त करते हैं, लेकिन जब किसी परिचित, रिश्तेदार या अपने के घर दुःख का पहाड़ टूटता है, तब वही लोग संवेदनाओं के दो शब्द लिखने तक का समय नहीं निकाल पाते।



अक्सर देखा जाता है कि किसी परिवार में किसी प्रियजन का निधन हो जाने के बाद घर का पूरा वातावरण शोक में डूब जाता है। परिवार के लोग मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से टूट चुके होते हैं। ऐसे समय में उनसे यह अपेक्षा करना कि वे हर व्यक्ति को फोन करके या संदेश भेजकर अपने दुःख की सूचना दें, संवेदनहीनता से कम नहीं है। दुःख कभी प्रचार का विषय नहीं होता और न ही कोई व्यक्ति ढिंढोरा पीटकर यह कहता फिरता है कि उसके घर किसी का शरीर शांत हो गया है।

लेकिन समाज में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो महीनों बाद औपचारिकता निभाते हुए कहते हैं- हमें तो किसी ने बताया ही नहीं। यह शब्द कई बार शोकग्रस्त परिवार के घावों को और गहरा कर देते हैं, क्योंकि सच्चाई यह है कि जो व्यक्ति वास्तव में रिश्तों और संवेदनाओं को महत्व देता है, वह अपने परिचितों का हालचाल स्वयं जानने का प्रयास करता है। वह केवल संदेश भेजने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सामने वाले की परिस्थितियों को समझने की भी कोशिश करता है।

आज मोबाइल पर शुभ प्रभात, त्यौहारों और औपचारिक संदेशों की भरमार है, लेकिन किसी के दुःख में साथ खड़े होने वाले लोग लगातार कम होते जा रहे हैं। दुःखद बात यह है कि लोग अपने संदेशों को आगे भेजने में इतने व्यस्त हो चुके हैं कि उन्हें यह देखने तक की फुर्सत नहीं रहती कि जिस व्यक्ति को वे संदेश भेज रहे हैं, वह इस समय किस मानसिक स्थिति से गुजर रहा है।



समाज में रिश्तों की वास्तविक पहचान सुख के समय नहीं, बल्कि दुःख की घड़ी में होती है। किसी शोकाकुल परिवार के लिए संवेदना के दो शब्द, एक फोन कॉल या कुछ पल की उपस्थिति भी बहुत बड़ा संबल बन जाती है। लेकिन जब अपने ही लोग उदासीनता दिखाते हैं, तब रिश्तों की सच्चाई सामने आ जाती है।

ऐसे स्वार्थपूर्ण और औपचारिक व्यवहार से यह स्पष्ट हो जाता है कि आधुनिक जीवन की भागदौड़ में इंसान तकनीक के करीब तो आया है, लेकिन संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि लोग केवल संदेश भेजने तक सीमित न रहें, बल्कि रिश्तों की गरिमा और मानवीय संवेदनाओं को भी समझें, क्योंकि दुःख की घड़ी में साथ खड़ा व्यक्ति ही वास्तव में अपना कहलाने का अधिकार रखता है।

**-महेश शर्मा**

# वैश्विक संकट के दौर में प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्र निर्माण का महामंत्र

प्रधानमंत्री द्वारा देश के नाम की गई अपील महज एक सरकारी वक्तव्य नहीं, बल्कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में एक गहरे आर्थिक दर्शन का शंखनाद है। उन्होंने राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को एक नई भूमिका सौंपते हुए आह्वान किया कि अब समय आ गया है जब हममें से हर किसी को देश हित में 'वित्तमंत्री' बनना होगा। यह विचार इस बुनियादी सत्य पर आधारित है कि राष्ट्र की अर्थव्यवस्था मंत्रालयों की फाइलों में नहीं, बल्कि देश के करोड़ों घरों की रसोई, बजट और निवेश के निर्णयों में धड़कती है। जब हम 'वित्तमंत्री' बनने की बात करते हैं, तो इसका अर्थ केवल किफ़ायत बरतना नहीं है, बल्कि एक सजग और सक्रिय आर्थिक नागरिक बनना है। जिस तरह देश का वित्तमंत्री सीमित संसाधनों में अधिकतम विकास का खाका तैयार करता है, उसी तरह हर नागरिक को अपने व्यक्तिगत संसाधनों का प्रबंधन राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में करने की आवश्यकता है। हमारे द्वारा की गई एक छोटी सी बचत जब बैंक के माध्यम से देश के वित्तीय तंत्र में प्रवेश करती है, तो वह केवल हमारी निजी संपत्ति नहीं रह जाती, बल्कि वह राष्ट्र के बुनियादी ढांचे, सड़कों, स्कूलों और अस्पतालों के निर्माण के लिए ऑक्सीजन का काम करती है।

इस विचार का एक अत्यंत रोचक और महत्वपूर्ण पहलू है 'खपत का चरित्र'। प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि हमारे क्रय निर्णय (Buying Decisions) देश की दिशा तय करते हैं। जब एक जागरूक नागरिक के रूप में हम विदेशी चमक-धमक के बजाय 'स्वदेशी' और 'लोकल' उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं, तो हम अनजाने में ही सीमा पर तैनात सैनिक की तरह देश की आर्थिक संप्रभुता की रक्षा कर रहे होते हैं। एक गृहणी जब घर के बजट में स्थानीय हस्तशिल्प या ग्रामीण उत्पादों को जगह देती है, तो वह सीधे तौर पर एक बुनकर या छोटे उद्यमी के घर में खुशहाली का दीया जलाती है। यही वह 'माइक्रो-मैनेजमेंट' है, जो वृहद स्तर पर भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा। भोजन में तेल की मात्रा हमारे स्वास्थ्य के साथ ही देश के आयात को प्रभावित करती है। इसके साथ ही, डिजिटल लेन-देन को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना अब केवल आधुनिकता का पैमाना नहीं, बल्कि एक देशभक्तिपूर्ण कर्तव्य बन चुका है। पारदर्शी लेनदेन से न केवल काले धन पर लगाम लगती है, बल्कि अर्थव्यवस्था की रगों में दौड़ने वाला रक्त भी शुद्ध होता है। प्रधानमंत्री की यह अपील हमें यह भी सिखाती है कि अपव्यय रोकना ही सबसे बड़ी कमाई है। संसाधनों का अपव्यय चाहे वह अन्न का हो, ऊर्जा का हो या धन का, अंततः राष्ट्र की ही हानि है। पूल करके या सार्वजनिक परिवहन से यात्रा से जो पेट्रोल बचेगा वह हमारा घरेलू ही नहीं देश का बजट भी सुधारेगा।



**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

यह अपील हमें एक उपभोक्ता से ऊपर उठाकर एक राष्ट्र-निर्माता के पायदान पर खड़ा करती है। जब देश का हर व्यक्ति वित्तीय रूप से साक्षर होगा, जिम्मेदारी से खर्च करेगा और सूझबूझ से निवेश करेगा, गोल्ड की खरीदी रोकेगा तो भारत को आर्थिक महाशक्ति बनने में मदद होगी। अब जिम्मेदारी हमारी है कि हम अपनी फाइलों और हिसाब की डायरियों को देश के भविष्य से जोड़ें। वाकई, यदि हम सब अपने घर के कुशल वित्तमंत्री बन सकें, तो 140 करोड़ हाथों के साथ देश की तरक्की भी होगी। (विभूति फीचर्स)

# नेहरू स्टेडियम में पसीना बहा रहे हॉकी खिलाड़ी

## कोच चित्रा चौहान तराश रहीं प्रतिभाओं को

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी अपने आप में एक अलग ही मुकाम रखता है। नेहरू स्टेडियम में खेलकर भारत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खिलाड़ी देने वाला मैदान आज भी हॉकी के खिलाड़ियों से भरा हुआ नज़र आ रहा है।

भारतीय हॉकी टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी जवाहरलाल शर्मा, प्रवीण सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ी बिजनौर के नेहरू स्टेडियम के हॉकी मैदान पर खेलकर भारत का नाम रोशन कर चुके हैं। उसी क्रम में अब नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम पर हॉकी कोच चित्र चौहान की देखरेख में हॉकी खिलाड़ी दिन-रात मेहनत करके अपना करियर संवारने में लगे हुए हैं।

सुबह और शाम दो सत्र में बालक और बालिकाओं को हॉकी का स्किल सिखाई जा रही है। सुबह के सत्र में राष्ट्रगान के बाद लगभग 6:00 बजे हॉकी खिलाड़ी पहले तो वार्म अप होने के लिए रेसिंग ट्रैक के 5 से लेकर 10 चक्कर दौड़ते हैं और फिर मैदान में आकर अपनी इंडिविजुअल प्रैक्टिस अपने कोच के निर्देशन में करते हैं। अपने भविष्य के सपनों को सजाने के लिए यह खिलाड़ी दिन में स्टेडियम पर पसीना बहाकर देश के लिए कुछ करने का जज्बा रखते हैं।



उल्लेखनीय है कि स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ में अभी एडमिशन के लिए ट्रायल होने वाले हैं जिसके लिए युवा खिलाड़ी पूरी मेहनत के साथ ट्रेनिंग लेकर लखनऊ जाने की तैयारी में है। आज भी बिजनौर के हॉकी खिलाड़ी सौरभ बिश्नोई भारत पेट्रोलियम, इरफान सीआईएसएफ, एएससी जालंधर, सौरभ बिश्नोई, नेवी में मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद रजी दिल्ली पुलिस में अपनी सेवाएं देकर बिजनौर का नाम रोशन कर रहे हैं।

# फ़र्ज़ी जन्म प्रमाण-पत्र की धोखाधड़ी, एक आरोपी को लगी हथकड़ी

**बिजनौर (चिंगारी)।** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र बनवाकर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले से भी एक अन्य मुकदमा दर्ज बताया गया है। पुलिस के अनुसार 30 अप्रैल 2026 को गीता कॉलोनी निवासी ऋषिपाल सिंह ने कोतवाली शहर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कई लोगों ने मिलकर धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने की साजिश रची। आरोप था कि कुलवंत सिंह और पुष्पलता के पुत्र कार्तिक का फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र तैयार कर उसे यशवंत सिंह और सरिता का पुत्र दर्शाया गया। मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इस प्रकरण में नामजद आरोपी कुलवंत सिंह को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने शुक्रवार को मामले में वांछित आरोपी यशवंत पुत्र मामराज निवासी पहाड़पुर कला उर्फ मलेशिया थाना शिवालाकलां को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी यशवंत के खिलाफ नजीबाबाद थाने में भी आपराधिक षड्यंत्र, दूसरी शादी और धमकी देने से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# साहब! पति शराब पीकर करता है पिटाई दहेज मांगता है उसका भाई

**महिला की शिकायत पर केस दर्ज**

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एक महिला ने अपने पति व उसके बहन-भाइयों पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पूजा नामक गर्भवती महिला ने थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि 2 अक्टूबर 2025 को उसका विवाह अमित कुमार पुत्र सोमपाल सिंह निवासी ग्राम पर्वतपुर थाना अफजलगढ़ के साथ हुआ था। पूजा का आरोप है कि पति अमित कुमार शराब पीकर मारता-पीटता है और खर्च के लिए पैसे भी नहीं देता, जबकि उसके भाई सुमित, नवनीत एवं बहन सीमा घर के कामकाज को लेकर उसके साथ लड़ाई झगड़ा करते हैं और दहेज की मांग करते हुए उत्पीड़न करते आ रहे हैं। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि पूजा की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# साइकिल चलाकर लोगों को किया जागरूक

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** प्रधानमंत्री की अपील का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। पेट्रोल और डीजल की बढ़ती खपत को कम करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से इलेक्ट्रिक वाहनों और साइकिल के अधिक उपयोग की अपील की है। इसी कड़ी में शहर विधायक रितेश गुप्ता, कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह, डीएम डॉ. राजेन्द्र पैंसिया, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने भी साइकिल चलाई। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने अनोखी पहल करते हुए लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। शुक्रवार को नगर विधायक रितेश गुप्ता अपने परंपरा कॉलोनी स्थित आवास से गांधीनगर स्थित कार्यालय तक साइकिल चलाकर पहुंचे। रितेश गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील केवल ईंधन बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में भी बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। विधायक ने लोगों से सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल का उपयोग करने की अपील की। नगर विधायक ने केवल कार्यालय तक ही नहीं बल्कि दिनभर के कई कार्यक्रमों में भी साइकिल से पहुंचकर लोगों को प्रेरित किया।



# दोना-पत्तल मशीन के लिए 5 जून तक ऑनलाइन आवेदन करें!

**बिजनौर (चिंगारी)।** उ.प्र.खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी नीति के अन्तर्गत मोटराईज्ड दोना मैकिंग मशीन वितरण किये जाने हेतु दोना-पत्तल बनाने वाले पराम्परागत कारीगर एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों-महिलाओं को कुल 8 लाभार्थी को दोना मेकिंग मशीन वितरित किया जाना है, जिसका चयन, समिति द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। योजना के अनुसार आवेदक की आयु 18-50 वर्ष के मध्य हो। शैक्षिक साक्ष्य प्रमाण-पत्र संलग्न करने जरूरी हैं। आवेदक जनपद के ग्रामीण क्षेत्र का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। स्वयं सहायता समूह एवं प्रशिक्षित व्यक्ति-महिलाओं तथा पराम्परागत कारीगरों तथा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर-बेरोजगार-कार्य में रुचि रखने वाले व्यक्तियों-महिलाओं का चयन वरीयता के आधार पर किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति व महिलाएं बोर्ड की वेबसाइड पर ऑनलाइन पंजीकरण 5 जून तक कर सकते हैं। यह जानकारी एस.एल. अग्रवाल जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बिजनौर ने दी।

# जलाल शाह की मजार पर उर्स सम्पन्न हुआ





**शेरकोट (चिंगारी)। पीर बाबा जलालुद्दीन उर्फ जलाल शाह की मजार पर 80 वें उर्स मुबारक का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे हजारों अकीदतमंदों ने चादरपोशी और फातिहा पढ़कर मुल्क में अमन-चैन खुशहाली की दुआएं कीं।**

हरेवली मार्ग पर स्थित हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक कहे जाने वाले बाबा पीर जलाल शाह की मजार पर बृहस्पतिवार को लगाए गए एक दिवसीय उर्स का उद्घाटन पूर्व जज एवं सपा नेता मनोज कुमार और सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अदनान राईन ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इसके बाद आयोजक आमिर बाबा की अगुवाई में अकीदतमंदों ने कव्वालियों के बीच मजार पर चादरपोशी की और फूल चढ़ाकर पीर जलाल शाह के दरबार में खिराजे अकीदत पेश की। देर शाम उर्स में होती रही कव्वालियों में अकीदतमंद झूमते दिखाई दिये। इस मौके पर मजार के आसपास भिन्न-भिन्न तरह के

## मुल्क में अमन-चैन के लिये मांगी दुआ

सामान की दुकानें भी लगाई गईं। बाद नमाज़े असर कुल शरीफ होने पर अमन-चैन खुशहाली की दुआ कराए जाने के बाद उर्स समाप्त हो गया। विगत वर्षों की भांति इस साल भी उर्स में सभी समुदायों के हजारों अकीदतमंदों ने पहुंचकर आपसी भाईचारे की मिसाल कायम की।

कार्यक्रम के आयोजन में आमिर बाबा, सूफी खुर्शीद, सूफी हबीब, चौ. रामकिशोर, अफसहउल्लाह फिरोज़, बब्बन, फिरासत हुसैन, अमीर अहमद, अफसर अंसारी, महफूज अहमद आदि का मुख्य सहयोग रहा। छात्र नेता अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी आबशार हाशमी, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सिकंदर अहमद सिद्दीकी, सपा के दिल्ली प्रदेश महासचिव प्रोफेसर जाहिद अजीम जेमाई, साहनपुर चेयरमैन मेराज अहमद आदि गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## पूर्व जज मनोज कुमार का स्वागत किया

उर्स में पहुंचने पर आयोजक आमिर बाबा ने मुख्य अतिथि मनोज कुमार व अन्य अतिथियों व पत्रकारों का शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर गर्म जोशी से स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व जज मनोज कुमार ने कहा कि सूफी संत किसी एक धर्म या जाति के नहीं होते हैं, ये सभी इंसानों को अच्छाई के मार्ग पर चलने की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों से इनका सम्मान करने और आपसी सौहार्द के साथ रहने का आह्वान किया। आयोजक आमिर बाबा ने बताया कि हर साल लगने वाला ये उर्स सभी समुदायों के लोगों की आस्था का केंद्र रहता है।

# कैमरों से की जायेगी बाघों, गुलदारों की निगरानी


रेस्क्यू सेंटर में मौजूद गुलदार व बाघ।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कॉर्बेट प्रशासन द्वारा वन्यजीव संरक्षण और निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ढेला रेंज स्थित रेस्क्यू सेंटर को अत्याधुनिक कैमरा निगरानी प्रणाली से सुसज्जित कर दिया है, जिससे अब मुख्यालय से ही रेस्क्यू सेंटर में रखे गए बाघों और गुलदारों की हर गतिविधि पर चौबीसों घंटे नज़र रखी जा सकेगी।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर साकेत बडोला ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत रेस्क्यू सेंटर के सभी बाड़ों में उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी लाइव फीड सीधे मुख्यालय तक पहुंचेगी। इससे वन्यजीवों की गतिविधियों, व्यवहार, स्वास्थ्य और चिकित्सीय देखभाल की निगरानी पहले से अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू सेंटर में कुल 30 बाड़े हैं, जिनमें वर्तमान में 14 बाघ और 16 गुलदार रखे गए हैं। प्रत्येक बाड़े में दो-दो कैमरे लगाए गए हैं। इस प्रकार पूरे सेंटर में करीब 60 कैमरे स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा प्रवेश द्वार और बाहरी हिस्सों में भी कैमरे लगाए गए हैं ताकि पूरे परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।


डायरेक्टर साकेत बडोला।

कॉर्बेट प्रशासन का मानना है कि इस आधुनिक तकनीकी व्यवस्था से न केवल वन्यजीवों की बेहतर निगरानी संभव होगी, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करना भी आसान होगा। इससे रेस्क्यू सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था और वन्यजीवों की देखभाल पहले की तुलना में अधिक प्रभावी और सुरक्षित हो सकेगी।

डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि मुख्यालय और रेस्क्यू सेंटर के बीच लगभग 18 से 20 किलोमीटर की दूरी होने के कारण अधिकारियों को बार-बार मौके पर जाना पड़ता था। इसी समस्या को देखते हुए पूरे रेस्क्यू सेंटर को तकनीकी रूप से उन्नत किया गया है, जिससे अब मुख्यालय से ही वन्यजीवों की गतिविधियों और स्वास्थ्य पर लगातार नज़र रखी जा सकेगी।

# जामुनवाला में शुद्ध पेयजल को तरस रहे ग्रामीण

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी के मौसम में पानी की आवश्यकता बढ़ जाने पर ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति न हो पाने से उनमें आक्रोश होना स्वाभाविक है। इसी को लेकर अफजलगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत इस्लामनगर के ग्राम जामुनवाला में ग्रामीणों ने बैठक के दौरान पेयजल समस्या पर रोष व्यक्त किया। शिवसेना के जिला प्रमुख संजय राणा सहित अनेक ग्रामीणों ने कहा कि भिक्कावाला में बनी पानी की टंकी से जामुनवाला में पानी की सप्लाई न होने के कारण ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस्लामनगर पंचायत में कई जगह ऐसी हैं, जहां पानी का लेवल 300 से 500 फीट नीचे है, ऐसे में धन संपन्न व्यक्ति तो मोटी रकम खर्च कर सबमर्सिबल लगवा लेते हैं, मगर गरीब आदमी नल तक नहीं लगवा पाता। ग्रामीणों का कहना है कि यहां मौजूद इक्का-दुक्का सरकारी नल से भी पीने योग्य पानी नहीं निकलता है। बैठक में धर्मवीर, बलवीर, हेतराम, मनोज, योगेश, बलकरण, शांति, सुनीता, माया, कुसुम, मिथिलेश, अंजना, रेखा, काजल, शिखा, मंजू आदि ग्रामीण मौजूद रहे। उधर इस संबंध में ग्राम प्रधान गीतेंद्र चौधरी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या जायज है और इस समस्या के समाधान को लेकर वह कई बार अधिकारियों से लिखित व मौखिक रूप से मांग कर चुके हैं।





# एलआरएस की भूमि की पैमाइश के आदेश

**नगीना ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन ( अराजनैतिक ) के कार्यकर्ताओं की शिकायत के बाद एसडीएम ने एलआरएस डिग्री कॉलेज की भूमि की जांच व पैमाइश करने के आदेश दिये हैं। इस मामले में एसडीएम द्वारा नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में छह सदस्यीय टीम गठित की गई है।

एसडीएम विजय शंकर ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन ( अराजनैतिक ) के कार्यकर्ताओं द्वारा बीते पांच मई को उन्हें ज्ञापन सौंपकर एलआरएस डिग्री कॉलेज द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की गई थी। इस मामले में उनके द्वारा भूमि का सीमांकन कराकर सरकारी भूमि से कब्जा हटवाए जाने का अनुरोध किया गया था। एसडीएम ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को ग्राम समाज की भूमि का सीमांकन कराकर अवैध कब्जा हटवाने हेतू नायब तहसीलदार नगीना की अध्यक्षता में छह सदस्यीय टीम गठित की है। टीम में क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक बलराज सिंह व नीरज कुमार तथा क्षेत्रीय लेखपाल अभिषेक कुमार सिंह, बेनीराम व मोहित शर्मा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व टीम 18 मई को प्रकरण की जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी।

# महंगाई की मार, जनता में हाहाकार

## ग़रीबों की कमर टूट जायेगी सरकार!

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** ईरान-इजरायल एवं अमेरिका युद्ध के दुष्परिणाम स्वरूप पेट्रोल, डीजल, सीएनजी के दाम बढ़ा दिये गये हैं। डीजल के दाम बढ़ने से हर आवश्यक वस्तु के दाम बढ़ने की आशंका है, जिसका सर्वाधिक प्रभाव पहले से ही महंगाई की मार से बेहाल गरीब जनता पर पड़ेगा।




ईरान युद्ध के कारण बढ़े क्रूड ऑयल के दामों ने गरीब जनता पर महंगाई का एक और बम फोड़ दिया है। पेट्रोल के दामों में 3.14 रु. की, डीजल के दामों में 3.11 रु. की वृद्धि कर दी गई है। सीएनजी के दाम भी 2 रु. किलो बढ़ा दिये गये हैं। नांगल क्षेत्र के ग्राम अभिपुरा तथा कामराजपुर में स्थित पैट्रोल पंपों पर पेट्रोल के दाम 94.51 रु. से बढ़कर 97.32 रु. प्रति लीटर तथा डीजल के दाम 87.60 रु. से बढ़कर 90.60 रु. प्रति लीटर हो गये हैं, इससे आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ना शुरू हो गया है। डीजल के दाम बढ़ने से मालवाहक वाहनों का भाड़ा (किराया) भी बढ़ेगा। इससे हर आवश्यक वस्तु के दाम बढ़ने की आशंका है। दाम बढ़ेंगे, तो इसकी सर्वाधिक मार गरीब आदमी पर पड़ेगी, जबकि गरीब आदमी की कमर पहले से ही महंगाई के बोझ से टूट गई है। डीजल के दाम बढ़ने से किसानों पर भी अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। फसलों में आने वाली लागत भी बढ़ेगी।

आज का विचार

# चिड़िया का बच्चा, चाइनीज़ मांझा और हमारा परिवार...



–इक़बाल हिंदुस्तानी

कुछ दिन पहले हमारे घर में एक पौधे पर एक खूबसूरत चिड़िया ने घोंसला बनाया। उसके बाद उसने अंडे दिए। उसके बाद एक बच्चा पैदा हुआ। चिड़िया उसकी देखभाल कर ही रही थी। हम लोग भी आंधी या बारिश में उस घोंसले पर कपड़े सुखाने का स्टैंड लगाकर उस पर प्लास्टिक की शीट डाल देते थे। चिड़िया उस मासूम बच्चे के लिए अक्सर अपने मुंह में कीड़े लाती थी और अपने बच्चे को खिलाती थी। कभी-कभी चिड़िया बहुत देर से आती या पूरी रात नहीं आती तो बच्चे के भूखा होने और लगातार बोलने पर मेरा बेटा या बेगम उसको चावल या दूध खिलाने-पिलाने की कोशिश करते थे। एक छोटी कटोरी में पीने को पानी भी रख दिया था। अभी तक सब ठीक चल रहा था। बच्चा धीरे-धीरे बड़ा हो रहा था, उसके पर भी निकलने लगे थे। उड़ने की तैयारी कर रहा था। आंखें खोलता था। मां खाना लाती तो फौरन मुंह खोलता था। ऐसा लगता था उसकी आवाज़ से जैसे चिड़िया के देर से आने की मासूम शिकायत कर रहा है। अचानक एक दिन उसकी चिड़िया मां जब खाने को कुछ लाई, उसके मुंह में उस खाने को डाल दिया। पता लगा आएदिन लोगों की गर्दन और हाथ काटने को बदनाम चायनीज़ मांझा भी उस खाने के साथ उलझा हुआ था। वही हुआ जिसका डर था कि खाना निगलने से पहले ही मांझा चिड़िया के बच्चे के मुंह में फंस गया। मासूम बच्चा दर्द से चिल्लाने लगा। उसके बोलने की आवाज़ में दर्द की असहनीय तकलीफ़ सुनकर ही महसूस हो रही थी। मैंने जैसे ही वो मांझा बच्चे के मुंह से निकालना चाहा देखा तो उसके मुंह में जीभ के साथ चिपका हुआ था। इसी दौरान उसकी मां चिड़िया ने बच्चे को खतरा देख मेरे सर पर हमला करना चाहा और ज़ोर-ज़ोर चीखना शुरू कर दिया। फिर मेरे बेटे ने चिड़िया के वहां से जाने का वेट करने को कहा। चिड़िया कुछ देर बाद उड़ गई, फिर बेटे ने बड़ी फुर्ती से बच्चे के मुंह में फंसा मांझा छोटी कैंची से काटकर निकाल दिया। इसके बाद बच्चा नॉर्मल हो गया। चिड़िया भी वापस घोंसले में आकर उसके साथ सहज होकर बैठ गई। उसके लिए जो खाना लाई वो बच्चा आराम से खा रहा है। दोनों खुश हैं और इधर हमारा पूरा परिवार भी चिड़िया और उसके बच्चे की खुशी से सकून से है। बच्चे के मुंह से मांझा निकालने और बच्चे व चिड़िया के नॉर्मल हो जाने से ऐसा सुख मिला मानो किसी फैमिली मेंबर का ऑपरेशन कामयाब हो गया हो। चिड़िया जब-जब घर में आती है, चहचहाती है, उसका बच्चा बोलता है, तो घर में ऐसे रौनक हो जाती है जैसे परिवार का कोई बच्चा जब खिलखिलाता है तो परिवार खुशी से भाव विभोर हो जाता है। परिंदों की भी अपनी दुनिया है, लेकिन जब वे कभी-कभी कुछ टाइम के लिए हम इंसानों के साथ रहने लगते हैं तो उनके सुख-दुख भी हमारे खुशी-ग़म हो जाते हैं। यह हमने इससे पहले भी कई बार शिद्दत से महसूस किया है। आपने भी कभी-कभी ऐसा ही महसूस किया होगा। अगर हममें इंसानियत मुहब्बत और संवेदनशीलता है तो हम इंसानों का नहीं सभी जीवों का दर्द और खुशी महसूस कर सकते हैं। हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जिसमें पूरी कायनात के जीव मिल-जुलकर दुख-सुख साझा करके और एक-दूसरे की मदद करके आराम से प्यार से सहअस्तित्व के साथ रह सकते हैं।

मनव्वर राणा का माँ-बच्चे पर लिखा एक शेर याद आ रहा है-

**खाने की चीज़ें माँ ने जो भेजी हैं गांव से,**
**बासी भी हो गई हैं तो लज़्ज़त वही रही।**

# तमंचे की नोक पर बाइक, फोन व नकदी लूटी

**हरेवली ( चिंगारी )।** यहां पर गुरुवार की रात्रि बे खौफ बदमाशों ने अस्पताल से लौट रहे दो यवकों से मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, 700 रुपए की नगदी लूट ली, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार शाहनगर कुराली निवासी शिवकांत और सौराम सिंह हरेवली अस्पताल से मरीज को खाना पहुंचाकर रात्रि 1:00 बजे के लगभग अपने गांव लौट रहे थे हरेवली के निकट सावित्रीबाई फुले इंटर कलेज के निकट कार सवार आधा दर्जन बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल, मोबाइल और 700 की नगदी लूट ली। रात्रि में ही शिवकांत ने हरेवली पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की सूचना दी। पुलिस ने रात्रि में कांबिंग की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शिवकांत ने बताया हरेवली अस्पताल से मरीज का खाना पहुंचाकर अपने घर आ रहे थे। हरेवली पुलिस चौकी प्रभारी संजय पाल ने बताया बदमाशों की छानबीन जारी है, शीघ्र ही बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# घर में लगी आग में दो बेटियों की शादी के दहेज का सामान व 4 लाख की नकदी जलकर राख


नगीना में एक घर में लगी आग को बुझाते अग्निशमन कर्मी

**नगीना ( चिंगारी )। एक घर में शुक्रवार की शाम शार्ट सर्किट से भीषण आग लगने से लाखों रुपये कीमत का दहेज का घरेलू सामान व चार लाख रुपये की नकदी भी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची नगीना व धामपुर की अग्निशमन टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।**

नगर के मोहल्ला सरायमीर निवासी मोहम्मद अशरफ का कहना है कि वह अपनी दो बेटियों की शादी के लिए मुंबई में अपनी परचून की दुकान बेचकर कुछ दिन पहले ही नगीना आया था। उसने बताया कि उसकों अपनी दो बेटियों की शादी करने थी। इसके लिए वह तैयारी कर रहा था। उसने बताया कि शुक्रवार की शाम अचानक घर में शार्ट-सर्किट होने से चिंगारी उठी और कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। परिवार के सदस्यों ने किसी तरह घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग की लपटों में घर के अंदर रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। उसका दावा है कि इस आग की घटना में उसे करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना से परिवार का हाल बेहाल है। अशरफ के सामने अब अपनी बेटियों की शादी का सवाल पैदा हो गया है। मोहल्लेवालों ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति जताई है। घटना से सभी को दुख पहुंचा है।

# बकरीद पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** आगामी त्यौहार बकरीद (ईद-उल-अजहा) को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से शुक्रवार शाम थाना रायपुर परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपनिरीक्षक त्रिवेंद्र राठी ने की। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, गणमान्य नागरिकों और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उपनिरीक्षक त्रिवेंद्र राठी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी खुले स्थानों पर न करें और केवल पहले से निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी दें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के अवशेषों को गड्ढा खोदकर दबाया जाए तथा मांस को ढककर ले जाया जाए। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर रोक लगाने और सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो प्रसारित न करने की भी हिदायत दी गई। बैठक में चौकी इंचार्ज मनोज कुमार शर्मा, सब इंस्पेक्टर बादशाह खान, सब इंस्पेक्टर नितेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार, कांस्टेबल सुमित कुमार, हेड कांस्टेबल सलीम, जावेद, सुभाष सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। इसके अलावा पत्रकार कफिल सिद्दीकी, किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला महामंत्री गुरुपेश, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, कुंवर प्रशांत सिंह, कुंवर गिरिराज सिंह 'बिट्टू', पत्रकार सूर्यवंशी दिलेराम, कुंवर देशराज सिंह, भाजपा नेता हेमराज चौहान, हिमांशु चौहान, पत्रकार राहुल पंडित, नूर हसन, रविंद्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहदेव, ग्राम प्रधान राहुल हुड्डा, नईम अहमद एडवोकेट, ग्राम प्रधान अशरफ अंसारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामावतार शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# बिना नम्बर प्लेट के डम्परों से हो रहा मिट्टी खनन, भारतीय किसान संघ ने दिया ज्ञापन



नांगल थाने पहुंचकर अवैध खनन के विरुद्ध ज्ञापन देते किसान संघ के कार्यकर्ता

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आरएसएस के अनुसांगिक संगठन भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने नांगल थाने पहुंचकर अवैध खनन के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा है। किसान संघ के कार्यकर्ताओं का कहना है कि ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा में रात के समय अवैध मिट्टी खनन चल रहा है। मिट्टी खनन में लगे ज्यादातर डंपर बिना नंबर प्लेट के हैं। अवैध खनन के कारण खेतों के रास्ते बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये हैं, जिससे किसानों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। न ही गन्ने की फसल की सही से देखभाल हो पा रही है और न ही रात को वे ट्यूबवैल पर जा पा रहे हैं। अवैध खनन के वाहनों से नहर पर लगा खड़ंजा पूरी तरह से टूट चुका है, इससे किसानों में गुस्सा है। किसान संघ ने पुलिस को ज्ञापन देकर अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष सरदार सरजीत सिंह, मंत्री अनुज कुमार, संजीव कुमार, सुनील कुमार, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, सचिन चौधरी, सौबहार सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवती प्रेमी संग रफूचक्कर

**नूरपुर ( चिंगारी )। घर में रखे आभूषण लेकर युवती प्रेमी संग फ़रार हो गई। युवती के पिता ने युवक के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज करा दिया है। नूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत बुधवार की रात्रि समय करीब 3 बजे उसकी बेटी एक युवक के साथ फरार हो गई। घर में रखे सोने के आभूषण तीन अंगूठी, एक जोड़ी कुंडल व टीका भी अपने साथ ले गई। पीड़ित पिता ने क्षेत्र के गांव नहारसिंह निवासी युवक हनु पुत्र गजेन्द्र सिंह को नामज़द कराते हुब मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।**

# 'नीट नहीं, यह छात्रों के भविष्य की नीलामी है'

–डी.एस. चौहान

ज्वलंत मुद्दा

देश का सबसे बड़ा मेडिकल प्रवेश परीक्षा तंत्र नीट NEET आज भरोसे के सबसे बड़े संकट से गुजर रहा है। लगातार दो वर्षों से पेपर लीक, धांधली, सॉल्वर गैंग और शिक्षा माफिया की ख़बरें सामने आ रही हैं। लाखों छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं, परिवार अपनी जमा-पूंजी कोचिंग और पढ़ाई में झोंक देते हैं, लेकिन अंत में उनका भविष्य किसी माफिया के सौदे का हिस्सा बन जाता है।

यह केवल परीक्षा में गड़बड़ी नहीं है। यह उन सपनों की हत्या है जो गांवों के छोटे कमरों में रात भर जलती मोमबत्ती और बल्ब के नीचे पलते हैं। यह उन मां-बाप की उम्मीदों पर प्रहार है जो अपने बच्चों को डॉक्टर बनते देखने के लिए खुद की जरूरतें मार देते हैं।

सबसे दुखद बात यह है कि हर बार एक ही पटकथा दोहराई जाती है। पेपर लीक होता है, सरकार जांच समिति बनाती है, प्रेस कॉन्फ्रेंस होती है, कुछ गिरफ्तारियां होती हैं, फिर मामला धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चला जाता है।

पिछले वर्ष भी शिक्षामंत्री ने आश्वासन दिया था कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस वर्ष फिर वही बयान, वही आश्वासन और वही चिंता। लेकिन सवाल यह है कि आखिर छात्रों को न्याय कब मिलेगा?

यदि देश चंद्रयान बना सकता है, डिजिटल इंडिया खड़ा कर सकता है, करोड़ों लोगों का बैंकिंग सिस्टम ऑनलाइन चला सकता है, तो फिर एक परीक्षा को सुरक्षित क्यों नहीं रख सकता? इसका सीधा अर्थ है कि कहीं न कहीं सिस्टम के भीतर भ्रष्ट गठजोड़ मौजूद है। शिक्षा माफिया केवल बाहर नहीं बैठा, उसकी पहुंच तंत्र के भीतर तक है।




आज आवश्यकता केवल जांच समिति की नहीं, बल्कि युद्धस्तर पर कार्रवाई की है।

शिक्षा माफिया पर गैंगस्टर एक्ट के अनुसार कार्यवाही होनी चाहिए। पेपर लीक कराने वालों पर सामान्य धाराएं नहीं, बल्कि संगठित अपराध और राष्ट्रविरोधी आर्थिक अपराध जैसी कठोर धाराएं लगनी चाहिएं।

शिक्षा माफिया की नकल करने वालों की अवैध संपत्ति जब्त हो होनी चाहिए।

जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माफियाओं की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलवा रहे हैं, उसी प्रकार शिक्षा माफिया की संपत्ति भी तत्काल जब्त होनी चाहिए, क्योंकि जो बच्चों का भविष्य बेचता है, वह समाज का सबसे खतरनाक अपराधी है।

ऐसे मामलों का फैसला 6 महीने के भीतर अनिवार्य किया जाए। वर्षों तक केस चलने का मतलब है अपराधियों को संरक्षण देना। हर परीक्षा केंद्र की लाइव मॉनिटरिंग होनी चाहिए। यदि बैंकिंग सिस्टम सुरक्षित हो सकता है तो परीक्षा प्रणाली क्यों नहीं?

हर बार केवल छोटे दलाल और सॉल्वर पकड़े जाते हैं, लेकिन कभी बड़े अधिकारी क्यों नहीं पकड़े जाते? यदि पेपर लीक हुआ है तो जिम्मेदारी शीर्ष स्तर तक तय होनी चाहिए। केवल छात्रों से अनुशासन की उम्मीद और सिस्टम से शून्य जवाबदेही- यह अन्याय है। यह केवल परीक्षा नहीं, राष्ट्र निर्माण का प्रश्न है। एक डॉक्टर केवल डिग्री नहीं होता, वह लाखों लोगों की जिंदगी से जुड़ा होता है। यदि मेडिकल प्रवेश ही भ्रष्टाचार से प्रभावित होगा तो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था का भविष्य कितना सुरक्षित रहेगा?

आज देश का छात्र पूछ रहा है, क्या मेहनत करना मूर्खता है? क्या ईमानदार छात्र हमेशा हारता रहेगा? क्या शिक्षा अब केवल पैसे वालों का खेल बन चुकी है?

सरकार को समझना होगा कि छात्रों का धैर्य टूट रहा है। और जब युवाओं का भरोसा व्यवस्था से उठता है, तब केवल एक परीक्षा नहीं हारती, बल्कि पूरा राष्ट्र हारता है। अब समय जांच का नहीं, उदाहरण पेश करने का है। ऐसी सजा दीजिए कि आने वाले वर्षों में कोई शिक्षा माफिया किसी छात्र का भविष्य बेचने की हिम्मत न कर सके।

**( लेखक 40 वर्षों से शिक्षा व्यवसाय से जुड़े हैं )**

# घर में घुसा गुलदार, मचा हाहाकार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** विगत रात्रि खेतों से सटे एक घर में गुलदार घुसने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए गुलदार को घर में बंद कर दिया। वन विभाग ने छत पर जाल तथा दरवाजे पर पिंजरा लगाया। आज तड़के बकरी के लालच में गुलदार पिंजरे में फंस गया, जिसे राजगढ़ वन रेंज में ले जाया गया।

## वनविभाग ने पिंजरा लगाकर पकड़ा

नांगल थानांतर्गत ग्राम लालपुर सोजीमल निवासी वेदप्रकाश उर्फ मुन्नू शर्मा का घर खेतों से सटा हुआ है। शर्मा जी ने बताया कि विगत रात्रि 9 बजे परिवार के सभी सदस्य गर्मी के कारण घर के बाहर बैठे भोजन कर रहे थे। उस समय बिजली की आपूर्ति बंद थी। तभी एक गुलदार कुत्ते का पीछा करते हुए वहां आया। कुत्ता तो आगे चला गया और गुलदार अंधेरे में घर में घुस गया। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया और वे भाग खड़े हुए। उन्होने शोर मचाकर कुछ पड़ोसियों को बुलाया। ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए घर का दरवाजा बंद कर गुलदार को अंदर कैद कर लिया। सूचना पर डायल 112 की पीआरवी और



थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा वन विभाग की राजगढ़ रेंज को घटना की सूचना दी। रेंजर देव ऋषि सक्सेना और वन दरोगा योगेश कुमार अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। वनकर्मियों को गुलदार के अंदर बंद होने का विश्वास नहीं हुआ, तो ग्रामीणों ने पीछे की दीवार का थोड़ा सा हिस्सा तोड़कर बड़ा सा छेद बनाया। उस छेद से एक डंडे को अंदर सरकाया गया, जिसमें मोबाइल बांधा गया था। मोबाइल में बना वीडियो देखकर वनकर्मियों को यकीन हुआ। पास के गांव से पिंजरा लाया गया। इस घर से सटी छत के रास्ते ऊपर जाकर जाल फैलाया गया तथा दरवाजे पर पिंजरा लगाया गया। पूरी रात वनकर्मियों ने कड़ी मशक्कत की, मगर गुलदार पिंजरे में नहीं घुसा। आज तड़के के समय पिंजरे के लिविंग बाइट कंपार्टमेंट में एक बकरी को रखा गया। बकरी के लालच में सुबह 5 बजे गुलदार पिंजरे में फंस गया। इस पर वेदप्रकाश के परिवार, पड़ोसियों, पुलिस तथा वनकर्मियों ने राहत की गहरी सांस ली। रेंजर देव ऋषि सक्सेना ने बताया कि लखनऊ मुख्यालय के निर्देशानुसार गुलदार को वन क्षेत्र में छोड़ा जायेगा। गुलदार वयस्क है।

## दो माह पूर्व हुई मारपीट में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** दो माह पूर्व हुए विवाद में कोर्ट के आदेश पर रेहड़ पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के ग्राम कल्लूवाला (लालबाग) निवासी मोहन सिंह पुत्र मक्खन सिंह ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 13 अप्रैल को वह एवं उसकी पत्नी खेत से घर

### आरोपियों में तीन सगे भाई व पिता शामिल

आ रहे थे कि रास्ते में गांव के ही लक्ष्मण सिंह पुत्र हाकम सिंह, बिन्दर सिंह, बिट्टू व मंगत सिंह पुत्रगण लक्ष्मण सिंह व सुखदेव सिंह पुत्र गुरदास सिंह ने उनके साथ मारपीट की और पत्नी के साथ छेड़छाड़ कर उसके कपड़े भी फाड़ दिए। मोहन सिंह का आरोप है कि घटना की सूचना दिए जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मोहन सिंह की तहरीर के मुताबिक आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया और मामले की जांच की जा रही है।

## विद्यार्थियों ने देखा आकाशवाणी केंद्र




**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल आसफाबाद चमन के विद्यार्थियों को आकाशवाणी नजीबाबाद का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। टूर से वापस लौटने पर शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्र निदेशक शोभित शर्मा ने विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया और केंद्र प्रभारी अंकित सैनी ने विद्यार्थियों को रेडियो स्टेशन के विभिन्न विभागों एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। सुरेंद्र सिंह ने आगे बताया कि बच्चों को वहां के वेटिंग रूम, रिकॉर्डिंग स्टूडियो, लाइव प्रसारण कक्ष, आर.जे. रूम, समाचार कक्ष, कंट्रोल रूम, संपादन कक्ष, ट्रांसमिशन सेक्शन, संगीत कक्ष, तथा तकनीकी नियंत्रण कक्ष आदि का भ्रमण कराया गया।

## रामगंगा नदी में जलस्तर बढ़ने से किसानों की मुश्किलें बढ़ीं



बैलगाड़ी लेकर रामगंगा नदी में गुजरता किसान।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र में बह रही रामगंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नदी में पानी अधिक होने के कारण किसानों का खेतों तक पहुंचना दूभर हो गया है। हालात ऐसे हैं कि किसानों को कई किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर खेतों तक जाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम माननगर, आलमपुर गांवड़ी समेत आसपास के ग्रामों के किसान बलराम सिंह, अनिल कुमार, नंदराम सिंह, महेंद्र सिंह, कृपाल सिंह, भोपाल सिंह और जयप्रकाश सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिनों से नदी का जलस्तर लगातार बढ़ा हुआ है। नदी पर पुल न होने के कारण किसानों को बैलगाड़ी और ट्रैक्टर लेकर दूसरे रास्तों से खेतों तक पहुंचना पड़ रहा है। कई किसान मजबूरी में जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि नदी पार करने के दौरान हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। कालागढ़ डैम पर तैनात जूनियर इंजीनियर पवन शर्मा ने बताया कि रामगंगा नदी में 5140 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसमें 5000 क्यूसेक पानी कानपुर सिंचाई के लिए भेजा जा रहा है। जबकि 140 क्यूसेक पानी कोर्ट के आदेश पर रामगंगा नदी में छोड़ा जा रहा है।

## रामा टैलेंट हंट 2.0 का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा इंस्टिट्यूट आफ हायर एजुकेशन किरतपुर के प्रांगण में रामा टैलेंट हंट 2.0 प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसम्बर 2025 को किया

### अश्वनी शर्मा, इशू, ऋषभ कुमार, श्रीकांत रहे प्रथम

गया था। रामा टैलेंट हंट प्रतियोगिता में 2437 विद्यार्थियो ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था, जिनमें से प्रथम पुरस्कार 21,000 रूपए क्रमशः अश्वनी शर्मा (संसार सिंह इंटर कॉलेज छितावर), इशू (राजा भारत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती), ऋषभ कुमार. (महर्षि दयानन्द इंटर कॉलेज ढाकी सादो), श्रीकांत (सरस्वती विद्या मंदिर किरतपुर )ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय पुरस्कार 11,000 रूपए क्रमशः





नसरा परवीन (राजकीय कन्या इंटर कॉलेज किरतपुर), निशु (यतेन्द्र पब्लिक इंटर कॉलेज भरेका), वृंदा ठाकुर (आदर्श विद्या निकेतन ताहरपुर) ने प्राप्त किया एवं तृतीय पुरस्कार 5,100 रूपए क्रमशः शिफा (राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर) ,ईशिका (रज़ा इंटर कॉलेज मेमन सादात) ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त टैलेंट हंट प्रतियोगिता में 58 कॉलेज के 532 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गए। पुरस्कार वितरण का आयोजन एम.एड. प्रवक्ता देवेन्द्र सिंह के दिशा-निर्देशन में कोर्डिनेटर पूजा पाल ,शिवम गुड़वाल व पृथ्वीराज के सहयोग से आब्जर्वर डॉ. रोहित चौधरी एवं प्राचार्य डॉक्टर डबलेश कुमार की प्लानिंग के अनुसार हुआ। अनुशासन का दायित्व चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर रवीश कुमार के निर्देशन में जितेंद्र कुमार, नितिन कुमार, सयंजीत सिंह व मंजू जैन आदि ने संभाला। कार्यक्रम का सफल संचालन बी.एड.प्रवक्ता निखिल भारद्वाज एवं मैनेजमेंट प्रवक्ता नीलम वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

## कर्ज में डूब रहा अमेरिका

### ईरान युद्ध ने हिला दी डालर की बादशाहत

**टोरंटो ( एजेंसी/चिंगारी )।** दुनिया को अपनी आर्थिक ताकत से डराने वाला अमेरिका अब खुद भारी संकट में फंसता दिख रहा है। पहली बार अमेरिका का सार्वजनिक कर्ज उसकी पूरी अर्थव्यवस्था से भी बड़ा हो गया है। मार्च के आखिर तक अमेरिका पर करीब 31.27 लाख करोड़ डालर का कर्ज पहुंच गया, जबकि उसकी जीडीपी 31.22 लाख करोड़ डालर रही। यानी अमेरिका जितना कमा रहा है, उससे ज्यादा कर्ज में डूब चुका है। डर सिर्फ कर्ज का नहीं, बल्कि उस खतरे का है जो अमेरिका की नींव हिला सकता है। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर बढ़ते हमलों के बाद खाड़ी देश अपने निवेश पर दोबारा विचार कर रहे हैं।

## भारतीय छात्रों के लिये नई चुनौती

**वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण ( ओपीटी ) वीजा कार्यक्रम के जांच के दायरे में आने के बाद अमेरिका में पढ़ाई और काम करने की योजना बना रहे भारतीय छात्रों को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। हाल में आव्रजन व सीमा शुल्क प्रवर्तन ने ओपीटी कार्यक्रम पर कार्रवाई शुरू की है। आईसीई के कार्यवाहक निदेशक टाड लायंस ने ओपीटी कार्यक्रम को धोखाधड़ी का अड्डा बताया। जांचकर्ताओं को संदिग्ध नियोक्ताओं से जुड़े 10,000 विदेशी छात्रों से संबंधित अनियमितताएं मिली हैं।**

## मलखान सिंह ने भी दावा ठोका

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम जलालपुर छोईया निवासी मलखान सिंह एडवोकेट ने बिजनौर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। एक प्रेस विज्ञप्ति में मलखान सिंह ने कहा कि उनका सारा जीवन राजनीति में रहा है। वह चार बार वर्धमान कालेज छात्र संघ के अध्यक्ष रहे। उन्हेंने अर्थशास्त्र व इतिहास विषय में एमए किया है। इसके साथ ही बीएड व एलएलबी की है। गन्ना समिति में डायरेक्टर हैं। और भी कई पदों पर रहे हैं।



## चुनाव होने तक ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम प्रधान संगठन अल्हैपुर की ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह ने कल उप जिलाधिकारी धामपुर एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी को दिए ज्ञापन में पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने पर उन्हें प्रशासक नियुक्त किए जाने की मांग की है । ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशासक के रूप में कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। तिस्तरीय पंचायत चुनाव होने तक सभी ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रशासक के रूप में कार्यकर जनता से सीधे जुड़कर शासन की सभी प्रकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन संचालित करते रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल उत्तराखंड, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में बढ़ाने का निर्णय पूर्व में हो चुका है इससे पहले ग्राम प्रधान संगठन की धामपुर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान के कार्यालय पर बैठक हुई जिसमें सभी प्रधानों ने पंचायत के विकास कार्यों को को सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु उन्हें प्रशासक के रूप में नियुक्त किए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में संध्या सिंह अध्यक्ष ग्राम प्रधान संघ ,सुनीता चौहान, दयाराम सिंह ,प्रीति देवी, ममता सैनी ,अनुज कुमारी, पंकज कुमार, नीरज प्रताप सिंह, अशोक कुमार ,वीरू देवी आदि शामिल रहे।



## 'कौन बनेगा डांस का धुरंधर' 20 मई को होगा इसका फैसला

**धामपुर ( चिंगारी )।** रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप द्वारा 20 मई बुधवार को प्रातः 10 बजे दुर्गा पब्लिक स्कूल में डांस प्रतियोगिता 'कौन बनेगा डांस का धुरंधर' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम क्षेत्र के प्रतिभाशाली कलाकारों और युवा डांसर्स के लिए अपनी कला दिखाने का एक सुनहरा अवसर बनेगा। संस्था द्वारा अब तक हजारों सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंचीय प्रस्तुतियाँ एवं डांस प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं। इस प्रतियोगिता में बच्चों, युवाओं एवं विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम में बॉलीवुड, फोक, क्लासिकल, हिप-हॉप एवं वेस्टर्न डांस की आकर्षक प्रस्तुतियाँ देखने को मिलेंगी। संस्था के संचालक एवं कोरियोग्राफर रोमियो मयूर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को कला के प्रति प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप पिछले कई वर्षों से सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में कर्मचारियों ने की स्वगणना



**हल्दौर ( चिंगारी )।** जनगणना 2027 के परिप्रेक्ष्य में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हल्दौर के कार्मिकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता की गई। बीआरसी कार्यालय के कर्मचारियों ने स्वयं स्वगणना करते हुए आसपास के नागरिकों को भी स्वगणना करने के लिए प्रेरित किया तथा जनगणना के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अभियान का मार्गदर्शन खंड शिक्षा अधिकारी हल्दौर श्रीमती अलका अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कर्मचारियों से जनगणना कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक क्लर्क शशांक कौशिक, संध्या चौहान, तरुण कुमार, सुधीर, जय प्रताप, सतीश, शौर्य, विपिन एवं लेखराज सहित अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्मिकों ने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें, जिससे सही एवं सटीक आंकड़ों के माध्यम से योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके।

## आज शाम होगा खाटू श्याम का आराधना उत्सव



**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन (रजि.) धामपुर द्वारा आज 16 मई शनिवार को सायं 07 बजे से प्रभु इच्छा तक श्री खाटू श्याम जी का पंचम भव्य आराधना महोत्सव होगा। कार्यक्रम स्थल रामलीला ग्राउंड, निकट कालिया वाला मंदिर नगीना रोड धामपुर होगा, जिसमें भजन गायिका अंजलि द्विवेदी नाथ नगरी बरेली, प्रेरणा आर्य नूरपुर व मिंटू मस्ताना गजरौला द्वारा भजनों द्वारा गुणगान किया जाएगा। कार्यक्रम में खाटू से अखंड ज्योत आ रही है। भव्य दरबार, 56 भोग, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, श्याम रसोई आदि मुख्य आकर्षण होंगे।

## शाबाश सारा! उज्जवल भविष्य हो तुम्हारा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के प्रतिष्ठित क्लासिक टेलर्स के स्वामी मौ. जावेद की होनहार सुपुत्री सारा जावेद ने सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर अपने माता-पिता व परिवार का नाम रोशन किया है। सारा की उपलब्धि से सारा परिवार खुश है। नगर के माडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल की छात्रा सारा ने अपने सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व माता पिता को दिया है। सारा अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। चिंगारी परिवार सारा जावेद के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



## ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन




**मंडावर ( चिंगारी )।** नगर पंचायत में ठेका प्रथा बंद करने तथा समान वेतन की मांग को लेकर ठेका कर्मचारियों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया। साथ ही बिजनौर कलेक्ट्रेट में धरना देकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय से बस स्टैंड तक रैली निकाली। इस दौरान कर्मचारियों ने सभी विभागों में ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों में पवन बाल्मीकि, कुणाल बाल्मीकि, सुभाष बाल्मीकि, करण बाल्मीकि, सचिन, सुधा सिंह, राजू, धर्मवीर, सलमान, तरूण, शाहबाज आदि ठेका सफाई कर्मचारी शामिल रहे।

## टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने भाकियू के संस्थापक चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्यतिथि पर ग्राम बागड़पुर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धां सुमन अर्पित कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों को हक की लड़ाई लड़ने के लिए जनता को जागरूक किया। डॉ दिनेश, शोभित गुर्जर, मुकेश लाम्बा, पुलकित त्यागी, खिलेंद्र, भूपेंद्र, किरन पाल, डा पुलकित शर्मा, संदीप बिल्ला, सचिन कुमार, सोनू आदि मौजूद रहे

## टिकैत की पुण्यतिथि मनाई

**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत नहटौर ब्लॉक के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 15 वीं पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। किसान हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ब्लाक अध्यक्ष विकास कुमार , पूर्व युवा ब्लाक अध्यक्ष पुनीत तुषियर, जिला संरक्षक महेंद्र सिंह, जिला संरक्षक विजयपाल सिंह, विमल कुमार, सुनील कुमार, नौबहार सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष रिंकू राठी, जैनेन्द्र सिंह, गोलू, ऋषांत, सरदार बलजीत सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष दिलशाद अहमद, नौशाद, इताअत हुसैन, पंडित अमर शर्मा, संजीव प्रधान आदि उपस्थित रहे।



## प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की

**हल्दौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी की एक आवश्यक बैठक ठाकुर योगेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान पर हुई। जिसमें पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व रक्षा मंत्री स्व.मुलायम सिंह यादव के सुपुत्र व राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भाई स्व.प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना की एवं परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की भगवान से प्रार्थना की गई। बैठक में ठा.योगेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार भोले, टेक बहादुर सिंह, ठा.रवि प्रकाश, राजेश चौहान, भूपेंद्र सिंह, शादी लाल मारवाड़ी, खुर्शीद अहमद आदि मौजूद रहें।

## वाहन किया पूल, दो प्रधानाचार्य एक साथ गये स्कूल

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अपील का असर अब विद्यालयों में भी देखने को मिल रहा है। के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह एवं ओम इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सरजीत सिंह ने पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए एक नई पहल की।

दोनों प्रधानाचार्यो ने अलग-अलग गाड़ियों का प्रयोग करने के बजाय एक ही गाड़ी से सफर कर ईंधन बचत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पेट्रोल-डीजल की बचत करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि सभी लोग छोटे-छोटे प्रयास करें तो देश स्तर पर बड़े परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अनावश्यक रूप से कई वाहनों का प्रयोग न करें तथा जहां संभव हो, एक ही वाहन का उपयोग कर ईंधन की बचत करें। इसके साथ ही विद्यार्थियों को भी पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियान चलाकर समाज को प्रेरित किया जाएगा।



# दून पुलिस की बड़ी कार्रवाई, स्कॉर्पियो से 1.55 करोड़ कैश बरामद

## सीक्रेट केबिन में छुपाकर लाई जा रही थी नकदी




**देहरादून ( चिंगारी )।** दून पुलिस को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है। कैंट थाना पुलिस ने राजेंद्र नगर कौलागढ़ क्षेत्र में चेकिंग के दौरान महाराष्ट्र नंबर की एक संदिग्ध स्कॉर्पियो से लगभग 1.55 करोड़ की नगद धनराशि बरामद की है। पुलिस के अनुसार बरामद नकदी वाहन में बनाए गए एक सीक्रेट केबिन में छुपाकर रखी गई थी। मामले में आयकर विभाग की टीम गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक 15 मई 2026 को सिरमौर मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान एमएच12एक्सटी 3245 नंबर की महिंद्रा स्कॉर्पियो को रोका गया। वाहन चालक ने अपना नाम सतीश भाई निवासी मेहसाणा, गुजरात बताया। उसके साथ वाहन में जसवंत सिंह और सचिन पटेल नामक दो अन्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

वाहन के दस्तावेज मांगने पर चालक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिस पर पुलिस को संदेह हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर चालक ने वाहन में भारी मात्रा में नकदी होने की जानकारी दी। पुलिस ने उच्चाधिकारियों और आयकर विभाग को सूचना दी। आयकर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो की बीच और पिछली सीट के बीच बने सीक्रेट केबिन से लगभग 1 करोड़ 55 लाख नकद बरामद हुए। पूछताछ में वाहन चालक बरामद धनराशि से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। चालक ने बताया कि वह यह रकम बनारस से लेकर आया था और उसे वाहन में मौजूद जसवंत को देना था।

फिलहाल आयकर विभाग तीनों व्यक्तियों से पूछताछ कर बयान दर्ज कर रहा है। बरामद धनराशि का आकलन भी किया जा रहा है। पुलिस ने संबंधित स्कॉर्पियो वाहन को सीज कर दिया है। कार्रवाई में क्षेत्राधिकारी नगर स्वप्निल मुयाल, कैंट प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट, चौकी प्रभारी विनयता चौहान सहित पुलिस टीम शामिल रही। वहीं आयकर विभाग की ओर से सहायक आयकर निदेशक पंकज खत्री, आयकर निरीक्षक शशांक पाल और कमलेश पंत ने मौके पर जांच की।

# इन्टर की परीक्षा में दिव्यांशी ने टॉप किया बलूनी पब्लिक स्कूल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** तल्ला मोटाढाक स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सीबीएसई की इंटर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक अभिलाषा भारद्वाज ने बताया कि इस वर्ष की परीक्षा में दिव्यांशी ध्यानी ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं यश्वी चौहान ने 92, प्रणय मैंदोला, ऋषभ रावत व वंश गुसाईं ने 91, कृष्ण गौरव तिवारी और आदित्य थलेड़ी, अंशुमन भंडारी एवं आरुष रावत ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बताया कि विद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 11 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।




हिंदू हृदय सम्राट, क्षात्र धर्म के पुरोधा, वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर कोटि-कोटि नमन

सौरभ ठाकुर

युवा भाजपा नेता

आवास :-ग्राम बुआपुर नत्थू, तहसील धामपुर, बिजनौर




# साइबर अपराध व नशे के खिलाफ पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में देहरादून स्थित सेंट जोज़फ़ एकेडमी में साइबर सुरक्षा, भ्रष्टाचार जागरूकता और नशा उन्मूलन विषयों पर एक वृहद जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

### सेंट जोसेफ अकादमी में संगोष्ठी आयोजित

कार्यक्रम में देहरादून के विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों के कक्षा 9 से 11 तक के 1200 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था तथा निदेशक सतर्कता डॉ. वी. मुरूगेशन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से तकनीक का जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अपर पुलिस अधीक्षक अंकुश मिश्रा ने छात्रों को बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया धोखाधड़ी, केवाईसी स्कैम, सिम स्वैप फ्रॉड और साइबर स्टॉकिंग जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) की उपनिरीक्षक प्रेरणा चौधरी ने छात्रों को मादक पदार्थों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए आत्म-अनुशासन और सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया और नशा उन्मूलन से जुड़े सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# बिट्टू मलिक अध्यक्ष, सुनीत सक्सेना मंत्री बने

### उत्तराखण्ड रोडवेज इम्पाइज यूनियन कोटद्वार का चुनाव

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड रोडवेज इंप्लाइज यूनियन की कोटद्वार शाखा के चुनावों में बिट्टू मलिक अध्यक्ष व सुनीत सक्सेना मंत्री निर्वाचित हुए। समान वोट पड़ने के कारण मंत्री का चुनाव ड्रॉ के जरिए किया गया। देहरादून से आए चुनाव अधिकारी हरि सिंह व योगेंद्र कुमार की देखरेख में यूनियन कार्यालय में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। शाखा अध्यक्ष पद पर बिट्टू मलिक ने सतपाल सिंह को हराया। बिट्टू मलिक को 45 व सतपाल सिंह को 36 मत मिले। शाखा मंत्री पद पर सुनीत सक्सेना व राहत हुसैन को 41-41 वोट मिले। किसी एक के चयन के लिए सर्वसम्मति से ड्रॉ कराया गया, जिसमें सुनीत सक्सेना विजयी रहे। कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में सतपाल सिंह व विक्रम सिंह उपाध्यक्ष, हरभजन सिंह व राजपाल शर्मा संयुक्त मंत्री, श्रीचंद संगठन मंत्री, विपुल जयंत कोषाध्यक्ष, प्रदीप प्रजापति लेखा परीक्षक, सुशील कुमार मीडिया प्रभारी, ध्यान सिंह कार्यालय सचिव चुने गए। इनके अलावा श्याम सिंह व उमेश कुमार को क्षेत्रीय प्रतिनिधि, राहत हुसैन, रफीक अहमद व नेम सिंह प्रांतीय प्रतिनिधि चुना गया।

# चलाकर चैकिंग अभियान, वाहन चालकों के किये चालान



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देश पर कोटद्वार में पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने विशेष यातायात चैकिंग अभियान चलाया। अभियान में एसडीएम संदीप कुमार मौजूद रहे और यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर के प्रमुख मार्गों पर चलाए गए अभियान के दौरान ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों को चैक किया गया। पुलिस ने संदिग्ध वाहन चालकों की एल्कोमीटर से जांच भी की। इस दौरान कई वाहन चालकों के चालान भी किये गये।

उपजिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की कार्यवाही केवल चालानी कार्यवाही तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूलों, कॉलेजों समेत विभिन्न संस्थाओं में भी सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान संचालित किये जा रहे हैं। अभियान में उप निरीक्षक कैलाश पुरी, धर्मवीर सिंह व महिला उप निरीक्षक दीपिका बिष्ट आदि शामिल थे।

# एसडीएम ने किया शशिधर भट्ट स्टेडियम का निरीक्षण

## निर्माण कार्यों की गति तेज पाई रसोई में नहीं मिली सफाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी कोटद्वार संदीप कुमार द्वारा स्व. शशिधर भट्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों, साफ-सफाई व्यवस्था एवं खिलाड़ियों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का जायज़ा लिया गया।

बतातें चलें कि पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया गया था। उस दौरान उन्होंने स्टेडियम में ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने सहित खिलाड़ियों को बेहतर खेल वातावरण एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में उपजिलाधिकारी ने स्टेडियम परिसर में संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद निर्माण कार्यों में तेजी आई है तथा कार्य त्वरित गति से संचालित किए जा रहे हैं। अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में स्टेडियम में चल रहे सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को मई माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान स्टेडियम स्थित रसोईघर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। रसोई में स्वच्छता मानकों का समुचित पालन न होने पर उपजिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्टेडियम इंचार्ज को नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, रसोई व्यवस्था को व्यवस्थित रखने तथा स्वच्छता संबंधी मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

# महेन्द्र पाल रावत पूर्व सैनिक अचिवमेंट अवार्ड से सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गढ़वाल राइफल्स की ओर से लैंसडौन में आयोजित कार्यक्रम में सेना से सेवानिवृत्ति के बाद विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों को पूर्व सैनिक अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पूर्व सैनिकों में पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत भी शामिल रहे। सेंटर कमांडेंट विनोद नेगी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश राणा ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर महेंद्र पाल सिंह रावत ने कहा कि यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है। यह सभी पूर्व सैनिकों की समस्याओं के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों और अन्य सहयोगियों द्वारा दिए गए सहयोग का परिणाम है। कहा कि सेना से सेवासनिवृत्ति के बाद भी उनकी जिम्मेदारी समाप्त नहीं हुई है। सेंटर कमांडेंट विनोद नेगी ने कहा कि सेवानिवृत्त सैनिकों द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों से उन्हें हर्ष की अनुभूति हो रही है और उन्हें विश्वास है कि सेवानिवृत्त सैनिक समाजसेवा में भी अपना उल्लेखनीय योगदान देंगे। इस अवसर पर गढ़वाल राइफल्स के अन्य अधिकारी व पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# राजीव शर्मा को उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर द्वारा आयोजित उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में जनपद पौड़ी के कोटद्वार के राइंका जयदेवपुर सिगड्डी में कार्यरत गणित शिक्षक राजीव शर्मा को उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा-2026 में गणित विषय में शत-प्रतिशत परिणाम देने के लिए उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह उत्तराखंड बनने के बाद पहली बार परिषद सभागार, रामनगर में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश भर से चयनित 114 विषय शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी तथा अपर निदेशक कुमाऊं मंडल ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। बताते चलें कि वर्तमान में राजीव शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी, पौड़ी गढ़वाल में गणित शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को गणित विषय में उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दिलाया। उनके इस उल्लेखनीय योगदान से विद्यालय एवं जनपद का नाम गौरवान्वित हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य शोबेंद्र जोशी सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# मानकों के ख़िलाफ़ चल रहे 96 होमस्टे पर डीएम का बड़ा एक्शन

## होटल की तरह संचालित हो रहे होमस्टे के पंजीकरण निरस्त



**देहरादून ( चिंगारी )।** जिले में मानकों के विपरीत संचालित हो रहे होमस्टे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक 96 होमस्टे के पंजीकरण निरस्त कर दिए हैं। जिलाधिकारी Savin Bansal के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन सफाई के तहत यह कार्रवाई की गई है।

प्रशासन ने प्रथम चरण में 17 और द्वितीय चरण में 79 होमस्टे के पंजीकरण रद्द किए हैं। साथ ही इन्हें पर्यटन विभाग की वेबसाइट से हटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन की पांच मजिस्ट्रेट टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 136 निरीक्षण किए। जांच में कई होमस्टे होटल और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की तरह संचालित होते पाए गए। प्रशासन के अनुसार कई होमस्टे में रातभर अवैध बार संचालन, तेज आवाज में डीजे और गैरकानूनी गतिविधियों की शिकायतें मिलीं। इन स्थानों पर उपद्रवी प्रवृत्ति के लोगों के ठहरने और शहर में नशे की हालत में हुड़दंग, ओवरस्पीडिंग तथा हथियारों से फायरिंग जैसी घटनाओं का भी खुलासा हुआ। निरीक्षण के दौरान कई होमस्टे में रसोई व्यवस्था नहीं मिली, जबकि कई स्थानों पर अग्निशमन उपकरण अनुपलब्ध या उनकी वैधता समाप्त पाई गई। प्रशासन ने पाया कि कई इकाइयां लीज और किराये पर संचालित की जा रही थीं, जबकि होमस्टे योजना के तहत मालिक का उसी परिसर में निवास अनिवार्य है। कई स्थानों पर निर्धारित क्षमता से अधिक कमरों का संचालन भी किया जा रहा था। कुछ होमस्टे बारातघर और पार्टी स्थल के रूप में उपयोग किए जा रहे थे।

वहीं विदेशी नागरिकों के ठहराव संबंधी अनिवार्य सी-फॉर्म उपलब्ध नहीं कराने के मामले भी सामने आए। जिलाधिकारी ने कहा कि होमस्टे योजना का मूल उद्देश्य स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक खानपान और स्थानीय निवासियों की आय को बढ़ावा देना है, लेकिन कई स्थानों पर इसका दुरुपयोग होटल और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा को देखते हुए सत्यापन और निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम धामी ने राज्यकर्मचारियों व पेशनरों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्री को दी मंजूरी

## 50 करोड़ की विकास योजनाएं भी स्वीकृत



**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार के कार्मिकों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की तर्ज पर 1 जनवरी 2026 से महंगाई भत्ते की वर्तमान दर 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत प्रतिमाह किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। इस निर्णय से राज्य सरकार के हजारों कर्मचारियों और पेंशनरों को सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों में आवासीय और आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं के लिए करीब 50 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की है। जनपद चम्पावत के कोतवाली पंचेश्वर में टाइप-2 के छह आवासों और चाहरदीवारी निर्माण के लिए 3.13 करोड़ की तथा थाना रीठासाहिब में टाइप-2 के छह और टाइप-3 के एक आवास के निर्माण के लिए 3.47 करोड़ स्वीकृत किये। जनपद नैनीताल के फायर स्टेशन, हल्द्वानी में कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाओं के विस्तार को मंजूरी दी गई है। यहां टाइप-2 के 64, टाइप-3 के 8 और टाइप-4 के 4 आवासों के निर्माण हेतु 36.64 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य सरकार का कहना है कि इन परियोजनाओं से पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी।

# उत्पाती बन्दर, आतंक फैला रहे उग्रसेन नगर वार्ड के अन्दर



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** तीर्थनगरी ऋषिकेश में बंदरों का लगातार शहरी इलाकों में प्रवेश लोगों के लिए चिंता का कारण बन गया है। हरिद्वार रोड स्थित उग्रसेन नगर वार्ड नम्बर 22 में इन दिनों बंदरों ने भय का माहौल बनाया हुआ है। स्थानीय निवासी समाजसेवी डॉ. राजे नेगी ने बताया कि पिछले एक माह से भी अधिक समय से उग्रसेन नगर, ऋषि एवेन्यू सोसायटी में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ने से स्थानीय लोगो मे भय का माहौल व्याप्त है। उग्रसेन नगर वेलफेयर कल्याण समिति द्वारा बंदरो के आतंक से निजात दिलाने हेतु पिछले माह ही एक शिकायती पत्र नगर निगम ऋषिकेश दफ्तर में दिया जा चुका है जिस पर अभी तक कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। समाजसेवी डॉ. राजे नेगी ने बताया कि बंदर अक्सर घरों में घुसकर खाने-पीने की चीज़ें उठाकर ले जाते है। छतों पर सुखाने को टांगे गए कपड़ों को भी इधर उधर फेंक या फाड़ देते हैं। इसके अलावा बिजली, वाईफाई की केबल लाइनों पर लटककर उनको तोड़ देते हैं। इसके अलावा आते-जाते लोगो के हाथों में पकड़े समान के थैले पर झपट पड़ते हैं। कभी-कभी हमला तक कर देते हैं। जिसके कारण स्थानीय लोग अब घरों के बाहर आंगन में भी हाथ में डंडा लेकर बैठने पर मजबूर हैं। सुबह और शाम के समय सैर पर घूमने जाने वाले सभी वृद्धजनों के साथ ही स्कूल एवं ट्यूशन आने जाने वाले बच्चों में भी भय का माहौल बना हुआ हैं। चूंकि उग्रसेन नगर ऋषि एवेन्यू सोसायटी में अधिकतर सीनियर सिटीजन परिवार निवास करते हैं। इसलिए नगर निगम प्रशासन, वन विभाग दिलाये। तत्काल समस्या का संज्ञान लेते हुवे आतंकी बंदरों से निजाद दिलाये।

# सिटी टॉपर छात्राओं को डॉ. प्रेमचन्द ने किया सम्मानित

## एक पितृविहीन एवं एक आटो चालक की पुत्री को बताया प्रेरणा का स्रोत



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्वामी रामसिंह जी महाराज के सान्निध्य में संचालित निर्मल ज्ञान दान अकैडमी एनजीए की 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिटी टॉप करने वाली छात्रा कु. इशिता सिंह (98.4 प्रतिशत) एवं कु. श्वेता यादव (98.2 प्रतिशत) को ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में सफल हुए सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। डॉ. अग्रवाल ने छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर एवं माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, विद्यालय के शिक्षक श्री दिनेश पैन्यूली को भी पटका एवं माला पहनाकर सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। इन होनहार छात्राओं ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एक छात्रा के पिता ऑटो चालक हैं तथा दूसरी छात्रा के पिता नहीं हैं, इसके बावजूद दोनों ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने इन प्रतिभाओं को गुदड़ी का लाल बताते हुए कहा कि ये छात्राएं समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इन छात्राओं से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ें और अपने परिवार, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर वीरभद्र मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, श्यामपुर मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन पोखरियाल, मंडल महामंत्री सत्यपाल राणा, छात्रसंघ अध्यक्ष मयंक भट्ट आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया। संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान। सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी। आर. एन. आई. नं. 2417/57 डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव

# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड





प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

HOUSE OF HIMALAYAS

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद
# अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

**बेहतर गुणवत्ता :** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP ONE DISTRICT TWO PRODUCTS UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।



## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रूपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रूपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR